Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 272 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, गुरुवार 02 अप्रैल 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### मुख्यमंत्री भगवान महावीर जनकल्याणक महोत्सव 2026 में हुए शामिल

## भगवान महावीर का सत्य-अहिंसा का संदेश हमारा पथ प्रदर्शक : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी तीर्थ में आयोजित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2026 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने दादाबाड़ी परिसर स्थित जिनमंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने समाज सेवा, पत्रकारिता, शिक्षा और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को जैन रत्न अलंकरण से सम्मानित किया और कहा कि ऐसे सम्मान समाज में सकारात्मक परिवर्तन और प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी का सत्य और अहिंसा का संदेश समस्त मानवता के लिए पथ प्रदर्शक है, जो हमें त्याग, तपस्या, करुणा और आत्मसंयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज एक सुखद संयोग है कि भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक उपलब्धि की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में नक्सलवाद सबसे बड़ी बाधा रहा है और बस्तर जैसे प्राकृतिक संपदा से समृद्ध क्षेत्र को लंबे समय तक विकास से वंचित रहना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प और प्रभावी रणनीति के कारण आज नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने भगवान महावीर से प्रार्थना की कि छत्तीसगढ़ में शांति और विकास का यह वातावरण निरंतर बना रहे।

## ईंधन की कोई कमी नहीं, एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध : केन्द्र

**नई दिल्ली।** भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और अगले दो महीनों तक कच्चे तेल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की मार्केट एवं रिफाइनरी संयुक्त सचिव ने सुजाता शर्मा ने बुधवार को कहा कि सभी रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं और रिटेल आउटलेट पर ईंधन की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।



उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान कहा, मैं यह भी बताना चाहूंगी कि लगभग दो महीने पहले ब्रेंट क्रूड लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, जबकि आज यह 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गया है। इस वृद्धि के बावजूद, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पेट्रोल और डीजल की बिक्री में तेल विपणन कंपनियों को अंडर रिकवरी का सामना करना पड़ रहा है।

एलपीजी के बारे में शर्मा ने कहा कि आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। शर्मा के मुताबिक, एलपीजी के आयात पर हमारी निर्भरता लगभग 60 प्रतिशत है। पिछले महीने की तुलना में, अंतरराष्ट्रीय कीमतें, विशेष रूप से सऊदी सीपी बेंचमार्क की कीमतों में बड़ी वृद्धि हुई है, जो 522 डॉलर से बढ़कर 44 प्रतिशत बढ़कर 780 डॉलर हो गई है। इसके बावजूद, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

## रायपुर मंडल ने सर्वाधिक 46.44 मिलियन टन लदान करने में सफलता हासिल की

**रायपुर( विश्व परिवार )।** स्थापना रायपुर मंडल की शुरुआत 21.5 मिलियन टन लदान के साथ 2003 में हुई। रायपुर मंडल ने अपनी शुरुआत के दुगुने से अधिक लदान से 46.44 मिलियन टन से अधिक माल लदान करने में सफलता हासिल की है।





रायपुर रेल मंडल ने पिछले वर्ष में अपने लदान संबंधी प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 31 मार्च 2026 तक 46.44 मिलियन टन की कुल लोडिंग की उपलब्धि हासिल की है । यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में की गई लोडिंग से 03.87 प्रतिशत (लगभग 04 प्रतिशत) ज्यादा है, इस उपलब्धि का महत्व विपरीत परिस्थितियों में बेहतर संपर्क नीतियों को ग्राहकोउन्मुख बनाते हुए तथा ग्राहकों से सीधे संपर्क के माध्यम से रायपुर मंडल नए अवसर बनाने में सफल रहा है साथ ही रायपुर मंडल भारतीय रेल के प्रमुख शीर्ष मंडलों में 09 वें स्थान पर रहा हैं।

रायपुर मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2024 -25 में 44.73 मिलियन टन लदान कर 4818 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया था। वित्तीय वर्ष 2025 -26 में 03.87 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है और 46.44 मिलियन टन लदान कर 4983 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया हैं । इस उपलब्धि के पीछे आधुनिक लोडिंग अवसंरचना, ग्राहक-केंद्रित नीतियाँ, डिजिटल पहल तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । रायपुर रेल मंडल द्वारा कोयला, स्टील प्लांट के लिए रॉ-मटेरियल, पिग आईरन, फिनिश्ड स्टील, आयरन ओर, सीमेंट, फूड ग्रेन फर्टिलाइजर, मिनरल ऑयल, कंटेनर इत्यादि का माल लदान किया है। वित्तीय वर्ष 2025 -26 अवधि के दौरान रायपुर मंडल ने माल यातायात के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखा है।

## ईरानी राष्ट्रपति ने सीजफायर की अपील की : ट्रम्प





**तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के राष्ट्रपति ने अमेरिका से सीजफायर की मांग की है। ईरान की नई लीडरशिप पहले के मुकाबले कम कट्टर और ज्यादा समझदार है। हालांकि, ट्रम्प ने साफ किया कि अमेरिका तुरंत सीजफायर नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जब तक होर्मुज स्ट्रेट पूरी सुरक्षित नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका अपना मिलिट्री ऑपरेशन जारी रखेगा। वहीं मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं।

पहला टैंकर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। दूसरा टैंकर 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। इन दोनों जहाजों में करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। सरकार के मुताबिक, अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं।

## बिना अंपायर के होंगे क्रिकेट मैच, एआई लेगा फैसले

**आईपीएल 2026 के बीच इस पोस्ट ने मचाई खलबली**



**नई दिल्ली।** इन दिनों भारत में आईपीएल 2026 की धूम है. अब तक 4 मैच हो चुके हैं. इस बीच कैरेबियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन को लेकर एक ऐसी पोस्ट सामने आई है, जिसने क्रिकेट गलियारों में खलबली मचा दी है. सीपीएल का 14वां सीजन अगस्त में शुरू हो सकता है, जो सितंबर 2026 तक चलेगा. नए सीजन के आगाज से पहले एक पोस्ट में दावा किया गया है कि इस बार के मुकाबले बिना अंपायर के होंगे और सभी फैसले एआई की मदद से लिए जाएंगे. जैसे ही यह पोस्ट सोशल मीडिया पर आई, इसने हर किसी को चौंका दिया. दरअसल, क्रिकेट में अंपायर का रोल बेहद अहम होता है. अंपायर के बिना क्रिकेट मैच की कल्पना नहीं की जा सकती. उन्हें इस खेल के नियमों का संरक्षक माना जाता है, ऐसे में बिना अंपायर के मैच होने वाली इस पोस्ट ने हर किसी को हैरान कर दिया. अगर आप भी इस खबर से हैरान हो रहे हैं तो पहले सच्चाई जान लीजिए. ये पोस्ट की तो गई है, लेकिन इसका इस्तेमाल सिर्फ 1 अप्रैल को ध्यान में रखकर किया गया था. इस पोस्ट की जब पड़ताल की गई तो हकीकत अलग निकली.

### रेस्टोरेंट में खाना होगा महंगा, कमर्शियल गैस के दाम बढ़े

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन महंगाई ने बड़ा झटका दिया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी की गई है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने 1 अप्रैल से 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 195.50 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरों के मुताबिक, दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1883 रुपए से बढ़कर 2078.50 रुपए हो गई है। इससे पहले 1 मार्च को इसकी कीमत 1768.50 रुपए थी, जो 7 मार्च को बढ़कर 1883 रुपए हो गई थी। मार्च महीने में ही सिलेंडर के दामों में लगातार इजाफा हुआ है। 1 मार्च से अब तक कुल 310 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

## राजनांदगांव में फर्जी मैरिज ब्यूरो का भंडाफोड़

- 2286 युवतियों की फोटो डाउनलोड कर बनाई फर्जी प्रोफाईल
- शादी कराने का झांसा देकर लड़कों से की लाखों की ठगी

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में फर्जी मैरिज ब्यूरो का भंडाफोड़ हुआ है। लव लाइफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो का संचालन कर आरोपी युवतियों की फर्जी फोटो डाउनलोड कर उनकी फर्जी आईडी बनाते थे। इसे युवकों को भेज इनसे मीटिंग फिक्स करवाने और शादी लगाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूलते थे। एसपी अंकिता शर्मा को इसकी एक गुमनाम शिकायत मिली थी, जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया और जांच के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने जब छापा मारा तो मोबाइल में 2286 युवतियों की फोटो इंटरनेट, सोशल मीडिया से डाउनलोड मिली, जिन्हें फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवकों को भेजा जाता था। पुलिस ने इस मामले में फर्जी मैरिज ब्यूरो का संचालन करने वाली एक युवती और एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र का है।



### फर्जी प्रोफाइल बनाई

कुछ लोग प्यार और रिश्तों के नाम पर युवकों और उनके परिवार की मेहनत की कमाई हड़प रहे थे। इसकी एक गुमनाम शिकायत एसपी अंकिता शर्मा को मिली थी। इस पर उनके निर्देश के बाद जांच हुई और बसंतपुर थाना पुलिस ने लव लाईफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो की संचालिका नेहा पाठक (23) और धर्मेन्द्र मानिकपुरी (32) को गिरफ्तार कर फर्जी खेल को बेनकाब किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने युवतियों के फोटो सोशल मीडिया और इंटरनेट से डाउनलोड कर फर्जी प्रोफाइल बनाई और व्हाट्सएप के माध्यम से युवकों को भेजी।



दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर
रायपुर, गुरुवार 02 अप्रैल 2026
www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

### उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे उत्कल जननी' के मधुर गायन के साथ हुआ।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को आत्मीयतापूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह एवं अपनापन उन्हें आज भी प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। देवभोग-गरियाबंद क्षेत्र में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की पत्रिका 'सुविधा' का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां एवं संपर्क विवरण संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन हेतु 5 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड



समय में पूर्ण किए जा चुके हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इस योजना के माध्यम से आम नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से तीर्थ दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों के विरुद्ध कठोर कानून पारित किया गया है, जिसमें कड़ी सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इससे अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं जवानों के अदम्य साहस से नक्सलवाद के प्रभाव को समाप्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अब 'नियद नेल्लानार' के तहत बस्तर में सड़कों, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंचाई जा रही हैं, जिससे क्षेत्र में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में विभिन्न विभागों में 20 से 25 हजार भर्तियां की गई हैं। चयन मंडल का गठन कर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे युवाओं को बिना किसी भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीएससी गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराई गई है तथा ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रशासन में पारदर्शिता लाते हुए भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सभी समाजों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य वन एवं खनिज संपदा से समृद्ध है ।

## बकाया राजस्व कर वसूली में भिलाई निगम का प्रयास बेहतर

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अपने वित्तीय आय को सुदृद्ध करने लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम प्रशासन ने बकायादारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर उन्हें बकाया कर जमा करने के लिए प्रेरित किया। इसी अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है, जहां निगम ने अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने अच्छा प्रयास करते हुए बकाया करों की सफलतापूर्णक वसूली कर ली है।



नगर निगम भिलाई ने अपने वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा कर, जुर्माना, शास्ति शुल्क, विवरण शुल्क, अंतर राशि, यूजर चार्च, जलकर, भु-भाटक, दुकान का किराया करते आ रहा है, जिसके तहत निगम ने कुल 104 करोड़ 77 लाख 92 हजार की वसूली किया है। निगम के इस प्रयास में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिकृत वसूली एजेंसी की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने क्षेत्र में लगातार संपर्क अभियान चलाकर लोगों को कर भुगतान के प्रति जागरूक किया।

## सांसद पाण्डेय ने पूर्व सीएम बघेल को दी खुली चुनौती

### नक्सलियों एवं कांग्रेस का रिश्ता क्या कहलाता है बताएं भूपेश बघेल:पांडेय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगातार दिए जा रहे बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस तरह से केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को डिबेट के लिए चुनौती दे रहे है यह कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के नक्सलमुक्त भारत होने का दर्द है। अब कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को डर सताने लगा है कि छत्तीसगढ़ की जनता को अब किनसे डराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश में क्या चल रहा है इससे कोई मलतब नहीं है तभी तो उनके नेता एवं लीडर ऑफ ऑपोजिशन देश की समस्याओं से चर्चा करने के बजाय सदन से हमेशा गायब रखते हैं। जब सदन में नक्सलवाद के मुद्दे पर चर्चा हो रह थी तब उनके नेता राहुल गांधी सदन में उपस्थित क्यों नहीं थे? पलायन कर कहीं भाग खड़े होते है।

सांसद श्री पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनौती को स्वीकार करते हुए कांग्रेस पार्टी से तीन सवाल करते हुए कहा कि झीरम कांड के बाद जब कवासी लखमा रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में थे तो उनसे मिलने गए कांग्रेस नेता चरणदास महंत ने लखमा को क्यों डाट रहे थे और ये



क्यों बोल रहे थे कि क्यों रे वहां लेकर क्यों गया। क्या पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी इसका जवाब देंगे? उन्होंने दूसरा सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व फिल्म अभिनेता राज बब्बर 2018 में जब छत्तीसगढ़ आए थे और उन्होंने नक्सलियों को क्रांतिकारी क्यों कहा था? क्या कांग्रेस पार्टी और उसके नेता नक्सलियों को शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल के जैसे समझते है। जो नक्सली जिसने पूरे छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्र को रेड कॉरिडोर बना के रखा दिया था उनकी तुलना शहीदों से कांग्रेसी कर रहे है। कांग्रेस नेता राज बब्बर नक्सलियों को क्रांतिकारी बताकर क्या साबित करना चाहते थे? एवं तीसरा सवाल करते हुए कहा कि राजनांदगांव जिले के मानपुर के सरजू टेकाम जो यूएपीए के तहत् की धारा में आज जेल के अंदर हैं उसके विषय में कुछ बताएंगे कि भूपेश बघेल एवं उनके स्वर्गीय पिता के बीच क्या संबंध थे? सरजू टेकाम नक्सलियों को डेटोनेटर, बारूद और अनेक प्रकार के हथियार सप्लाई करने के लिए रखते थे। आपके साथ इनका रिश्ता क्या कहलाता है।

## प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। निगम प्रशासन ने यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है, ताकि अधिक से अधिक करदाता समय पर अपना कर जमा कर सकें और शासकीय छूट का लाभ प्राप्त कर सकें।मंगलवार को अवकाश होने के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिक टैक्स जमा करने निगम कार्यालय पहुंचे। जो नागरिकों की जागरूकता और सहयोग को दर्शाता है।नगर निगम में संपत्तिकर जमा करने की आखिरी तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

बढ़े हुए अतिरिक्त दिनों में राजस्व विभाग के कर्मचारियों को घर-घर जाकर लोगों से संपत्तिकर की वसूली करनी है। साथ ही उन्हें आनलाइन टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करना है। 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने पर उनसे पेनाल्टी नहीं ली जाएगी। 1 मई के बाद जो भी व्यक्ति पिछले वर्ष का संपत्तिकर जमा करेगा, उनसे 17 प्रतिशत तक सरचार्ज की वसूली की जाएगी।निगम प्रशासन ने समस्त करदाताओं से अपील की है कि वे बढ़ाई गई अंतिम तिथि 30 अप्रैल से पहले अपना बकाया कर जमा कर दें, ताकि छूट का लाभ प्राप्त किया जा सके एवं किसी भी प्रकार की पेनाल्टी या दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।

## झुग्गी बस्तियों में मनाया जायेगा स्थापना दिवस, अम्बेडकर जयंती पर किया जायेगा समरसता भोज का आयोजन




**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दिनदयाल उपाध्याय जी व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर बैठक प्रारंभ की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत कर प्रदेश पदाधिकारियों का परिचय किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता झुग्गी बस्तियों में जाकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बस्तियों में निवासरत अंतिम व्यक्ति तक पहुँचायें। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रकोष्ठ द्वारा विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम प्रदेश के पूरे जिले में सुने जाने पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सराहना की।

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए, आगामी कार्यकम 06 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती प्रकोष्ठ द्वारा झुग्गी बस्तियों में मनाए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा स्थापना दिवस प्रदेश के पूरे जिले में प्रकोष्ठ द्वारा मनाया जायेगा व अम्बेडकर जयंती के अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकण्डेय, रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेश शर्मा, आकाश गुप्ता, विकास अग्रवाल, जितेन्द्र सुराना, राजेश यादव, पल्लवधर, शिव सोनपिपरे, साजन श्रीवास, कान्हाराज सिंह ठाकुर, कुशल चन्द्राकर, बृजेश अग्रवाल, सुरज ठाकुर, विजय गुप्ता, शारदा गुप्ता, सीमा ठाकुर, नागेन्द्र सिंह, अनिल बाघ, अशोक यादव, अजीत सेनापति आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./29941/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 01-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29941**
**वार्ड का नाम– 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी–आई.डी.– **RPR652A00554** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MS KASHYAP CONSTRUCTION PARTNER BY POA RAJEEV KASHYAP** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S.R. KASHYAP** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AASHIK ALI ABDHUL VATHUTH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE ABDULVADUD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./29939/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 01-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29939**
**वार्ड का नाम– 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी–आई.डी.– **RPR652G0195E** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ALAM KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAFIZ KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURAIYA ASMIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O HASAN ULLAH KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./29940/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 01-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29940**
**वार्ड का नाम– 59 मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी–आई.डी.– **RPR653N00150** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **CHANDRABHUSHAN VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **POONARAM VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRAMOD KUMAR VERMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE BODH KUMAR VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./29948/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 01-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29948**
**वार्ड का नाम– 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी–आई.डी.– **RPR652F00772** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAHAMAT ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JALALUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **FAUZIYA AFRIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O FAYUM AHMED** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /29923/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 31-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29923**
**वार्ड का नाम– 32 – महर्षि वाल्मीकि वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328P0171V** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BABYLON PALACE PVT. LTD, SMT. SAPNA SANTWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINAY SANTWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **बेदानंद राय** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. जी. पी. राय** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक–9**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /29822/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 30-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29822**
**वार्ड का नाम– 9 – पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226O0405A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOHAMMAD NASHID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHEKH MAJID** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद वसीम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **शेख मजीद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक–9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /29795/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 30-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29795**
**वार्ड का नाम– 9 – पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226R0747B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S A. I. M. INFRASTRUCTURE AND DEVELOPERS DWARA BHAGIDAR - ANAND SINGHANIA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH SINGHANIA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **किरण माखीजा 2 मनोज माखीजा 3 शंकर माखीजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **परमानंद माखीजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक–9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /29821/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 30-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29821**
**वार्ड का नाम– 9 – पं. मोती लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227V0373D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SAACHI DODAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAKESH DODAI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शालिनी गोयल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दिनेश गोयल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक–9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम–सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल** द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत कचना फेस-2, रायपुर में स्थित फ्लैट क्र-ई.डब्ल्यू.एस.-31, ब्लॉक-02, तृतीय तल, **श्री संजय लौवंशी पिता श्री ओम प्रकाश लौवंशी** को आबंटित है। आबंटी के द्वारा **दिनांक 31.10.2018** को उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती पार्वती साहू पति श्री मूलचंद साहू, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के आधार पर मंडल नियमानुसार इस कार्यालय के पत्र क्र. 7183 दि. 03.12.2018 के माध्यम से अनापत्ति पत्र जारी किया गया। किंतु उनके द्वारा विक्रय विलेख निष्पादन नहीं किया गया। आबंटी के द्वारा पुनः **दिनांक 12.03.2020** को आवेदन प्रस्तुत कर पूर्व में आबंटी एवं श्रीमती पार्वती साहू के मध्य विक्रय अनुबंध के निरस्तीकरण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को क्रेता श्री हेमंत बाघ पिता श्री बिल्लू बाघ को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। किसी कारणवश विक्रय अनापत्ति पत्र जारी नहीं किया।

वर्तमान में स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर के पत्र **दिनांक 27.02.2026** में उल्लेख किया है, कि आबंटी **श्री संजय लौवंशी** द्वारा उक्त फ्लैट को बंधक रखते हुए उनके वित्तीय संस्था से ऋण लिया है। ऋण की किश्तें समय पर चुकता नहीं होने की वजह से वित्तीय संस्था, द्वारा बैंक कानून सरफेसी एक्ट 2002 के तहत् उनका ऋण खाता NPA/डिफाल्टर घोषित किया गया। वित्तीय संस्था, द्वारा सरफेसी एक्ट 2002 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त फ्लैट को विक्रय हेतु नीलामी के माध्यम से क्रेता श्रीमती रचना तिवारी को विक्रय किया जा रहा है। वित्तीय संस्था, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट क्रेता श्रीमती रचना तिवारी को विक्रय करने हेतु विक्रय अनापत्ति पत्र प्राप्त करने हेतु निवेदन किया गया।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./29921/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 01-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29921**
**वार्ड का नाम–23 – शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR812C00027** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAHID IRFAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAMMED MUJIB** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GEETA PRASAD PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O PREAM LAL PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक–7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./29897/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 01-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29897**
**वार्ड का नाम–25 – संतराम दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818F00227** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NEHA MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHNANDAN MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LAXMI GAYGWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O ROMAN GAYAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक–7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम–सूचना***

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित **एम.आई.जी.-II** भवन योजना के अतंर्गत, भवनों / भवनों में से भवन क्रमांक **एम. आई जी.II/66 फेस-I श्रीमती जी. वीणा राव पिता श्री स्व. जी. बालकृष्ण राव** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 3.5.05. को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 25-3-26** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती पूजा गुप्ता - पति श्री आशीष गुप्ता** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, गुरूवार 02 अप्रैल 2026



# श्रीराम मंदिर से निकली कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ शिखर कलश के स्थापना की हुई पूजा

### छह दशक पुराने हनुमान मंदिर नवनिर्माण के शिखर कलश पूजन समारोह का हुआ भव्य धार्मिक अनुष्ठान

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** नगर के रंगमंच स्थित लगभग 60 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर के पुर्ननिर्माण व कायाकल्प का लिया गया संकल्प दो वर्ष की अवधि में पूर्ण होने पर भव्य व आकर्षक स्वरूप तथा राजस्थान के पत्थरों की कलात्मक स्थापत्य कला से ओतप्रोत हनुमान मंदिर के नवनिर्माण का कार्य पूर्ण हुआ। मंदिर के शिखर कलश पूजन समारोह का भव्य धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा व शिखर कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। धार्मिकमय हुए वातावरण में बजरंग बली के जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिरकत की और महिलाओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में कलश लेकर नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर परिसर पहुॅच कलश अर्पण किया। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिखर कलश स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान पूज्य आचार्य रामसुवन त्रिपाठी व पप्पु महाराज के पावन सानिध्य सहित ब्राम्हण देवताओं के मंत्रोच्चार के आव्हान, भजन कीर्तन व पूजा अर्चना के साथ गठजोड़े में बैठे मंदिर समिति के सदस्यों ने पूजा अर्चना की और रखी गई आधारशीला के उपरांत आज निर्माण कार्य पूर्ण होने पर देवी-देवताओं का आव्हान करते हुए मंदिर नगरवासियों को समर्पित किया। उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य



व दिव्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूर्ण हुए मंदिर को श्री हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व समारोहपूर्वक शिखर कलश पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति व मारूति सेवा समिति के सदस्यों में अजय अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सोमिल अग्रवाल, अंकुर गर्ग, स्वाति गर्ग, राहुल अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल, अमित तायल, रानी तायल सपत्नीक व कान्हा जिंदिया तथा उर्मिला देवी अग्रवाल अंबिकापुर जजमान के रूप में धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण किया। श्रीराम मंदिर से निकली विशाल शोभयात्रा मुख्य मार्ग होते हुए अग्रसेन चौक में पूजा अर्चना के उपरांत केतका रोड होते हुए श्री हनुमान मंदिर पहुॅची, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उक्त धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में मंदिर समिति से जुड़े सदस्य सक्रिय रहे।

**आज श्री हनुमान जन्मोत्सव का होगा आयोजन-** आज 2 अप्रेल को सुबह पूजा-अर्चना, हवन, आरती के उपरांत दोपहर में बजरंग बली का विशाल भंडारा-प्रसाद आयोजित है। उसके उपरांत बजरंग दल की अगुवाई में भव्य व दिव्य झांकी के साथ शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी। शाम को सुंदरकांड पाठ के साथ श्री हनुमान चालिसा पाठ का सामुहिक धार्मिक आयोजन होगा। रात्रि में श्री नवयुवक दुर्गा मंडल व बाहर के भक्तिरस कलाकारों के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। इस दौरान रात्रि में स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया है।

**दो वर्ष पूर्व रखी थी आधारशीला-** मंदिर निर्माण के लिए 6 दिसम्बर 2024 को विधि-विधान से पूजा-पाठ कर मंदिर नवनिर्माण की आधारशीला रखी गई थी। दो वर्ष की अवधि में निर्माण समिति के अजय अग्रवाल व राजेश तायल, अंकुर गर्ग की देखरेख में लगभग 50 लाख रूपये की लागत से हनुमान जी के मंदिर को भव्य व आकर्षक स्वरूप दिया गया है। छह दशक पुराने रंगमंच हनुमान मंदिर के जीर्णोधार व नवनिर्माण का संकल्प अब नयनाभिराम स्वरूप में आ गया है। मंदिर परिसर और निर्माण कला को देखने के लिए सूरजपुर सहित अन्य स्थानों से भी श्रद्धाल रंगमंच हनुमान मंदिर पहुॅच रहे हैं। वही भक्तों व धर्म प्रेमियों के द्वारा मुक्तहस्त से मिले सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य अब पूर्ण हुआ है, जिसके लिए निर्माण सेवा समिति ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एस ई सी एल बिश्रामपुर में सहायक उप निरीक्षक से पदोन्नति पा कर दिनेश कुमार एवं पवन शर्मा बने सुरक्षा उपनिरीक्षक

महाप्रबंधा के डॉ संजय सिंह ने बधाई व शुभकामनाएं दी



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय से जारी पदोन्नति सूची में बिश्रामपुर क्षेत्र में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ पवन शर्मा एवं दिनेश कुमार को उप निरीक्षक सुरक्षा के पद पर पदोन्नति मिली है। इसी तरह चार अन्य आरक्षक कोप्रधान सुरक्षा प्रहरी के पद पर पदोन्नति मिली है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉक्टर संजय सिंह एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पदोन्नति मिलने पर उक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए अपने कर्तव्य प्राणायता का परिचय देते हुए कंपनी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है अपनी इस नियुक्ति से कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाप्रबंधा के एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी की मनसा के अनुरूप कार्य करने का भरोसा दिया। पदोन्नति पा कर उप निरीक्षक बनने वाले सुरक्षा उपनिरीक्षको ने मिठाई बांट कर उच्च अधिकारियों का आशीर्वाद लिया

### एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा आज सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा वर्ष 2000 अपने वित्तीय वर्ष 2005 एवं 6 में पिछले सत्र के तुलना में अधिक कोयला उत्पादन किया जाने के उपलक्ष में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। सुबह 6:00 बजे से एकता स्टेडियम विश्रामपुर में उक्त सद्भावना मैच का आयोजन किया गया है जिसमें कंपनी के अधिकारी कर्मचारी एससी सदस्य श्रमिक नेताओं पत्रकारों सहित कई टीम हिस्सा लेकर सद्भावना मैच में अपनी हुनर दिखाएंगे। उक्त जानकारी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह ने देते हुए क्षेत्र वासियों से सद्भावना मैच का आनंद उठाने की अपील की है।

# भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी का परिचयात्मक बैठक लेकर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने संगठन मजबूती हेतु किया आह्वान

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा शिवनंदनपुर मंडल का परिचयात्मक बैठक जयनगर बिंझिया सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ । प्रदेश संगठन एवं महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष नूतन विश्वास जी के निर्देशानुसार महिला मोर्चा का परिचय आत्मक बैठक शिवनंदनपुर मंडल के बिंझिया सामुदायिक भवन में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि लक्ष्मी रजवाड़े महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री, विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती नूतन विश्वास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधान राम बिंझिया,जिला महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मालती विश्वास जी, जिला कार्यालय मंत्री रितेश जायसवाल, महामंत्री शितिकांत स्वाइ, महामंत्री देवशरण सिंह उपाध्याक्ष भागवत प्रजापति,सरपंच राधा सिंह जनपद सदस्य धनेश्वरी सिंह, पूनम देवी नंदकुमारी जी मंच पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात मां भारती एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय जी की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं बूके के द्वारा किया गया, स्वागत भाषण महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती माल्ती विश्वास ने दिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष



देवधन राम बिंझिया ने भी सभा को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष नूतन विश्वास ने भी महिला मोर्चा के टीम पर जोस भरते हुए उत्साह पूर्ण उद्बोधन दिया, जिससे पूरा परिसर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद,जय जय श्री राम के नारे से गूंज उठा।अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सभा को संबोधित करते हुए पार्टी की रिति-नित, श्याम प्रसाद एवं पं दीनदयाल उपाध्याय की जीवन शैली के बारे में वरिष्ठ का सम्मान, संगठन संस्कार के बारे में विस्तार बात रखी, साथ मंत्री जी एक मिशाल देते कहा कि मुझे भारतीय जनता पार्टी से कुछ नहीं चाहिए , लेकिन मुझे अंतिम सांस तक भारतीय जनता पार्टी चाहिए । मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किय एवं फूल माला पहनाकर सभी पदाधिकारियों को सम्मान किया।

युक्त अवसर पर महामंत्री अनिता सिंह,किरण राजवाड़े, उपाध्यक्ष सुनिता राय मनियारो राजवाड़े,देवन्ती सिंह, वंदना चौरसिया मंत्री अंजली राजवाड़े , साधना कुशवाहा,तृशा समाद्दार,मंजू कटवाल,ब्रम्हवती,सरोज विश्वकर्मा ,शोभा विश्वकर्मा, गीता साहु, मोनू पठारी, लीलावती,सरोज विश्वकर्मा, पर्वत राजवाड़े, पूनम कुशवाहा,कुंती सिंह, मोनिका शर्मा, रीता भगत, ज्योत्स्ना विश्वास, राम कुमारी, कुशुम सिंह,आयूषी वैध, ज्योतिका विश्वास,अमृता विश्वास,मीरा सिंह, ज्योत्स्ना लकड़ा, वंदना मुखर्जी उपस्थित रहे,मंच संचालन महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अनिता सिंह एवं आभार व्यक्त किरण राजवाड़े ने किया।

# चार लेबर कोड बिल का विरोध का स्वर फूटा श्रमिक संगठन एटक ने कला फीता बांध कर हल्ला बोला



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के श्रमिकों ने 'काला फीता' बांधकर मनाया विरोध दिवस; चार लेबर कोड बिल वापस लेने की मांग

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित चार नए लेबर कोड बिलों के विरोध में आज 1 अप्रैल को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के समस्त संस्थानों और खदानों में कामगारों ने राष्ट्र व्यापी आह्वान पर 'काला दिवस' मनाया। देश की 11 प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के निर्देशानुसार, बिश्रामपुर क्षेत्र के मजदूरों ने अपने कार्यस्थल पर काला फीता बांधकर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के प्रति कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख श्रम संगठनों— एटक , एचएमएस , सीटू और इंटक ( ) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों में सुबह की पाली से ही श्रमिक हाथों और बाजुओं पर काला फीता बांधकर कार्य करते नजर आए, जो सरकार के प्रति उनके शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ विरोध का प्रतीक था।

इस अवसर पर आयोजित गेट मीटिंग्स और चर्चाओं में श्रमिक नेताओं ने कामगारों को चारों लेबर कोड बिलों के संभावित दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि ये कोड पूर्ण रूप से लागू होते हैं, तो श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा समाप्त हो जाएगी। काम के घंटे बढ़ाए जा सकते हैं। यूनियनों के संघर्ष करने और हड़ताल पर जाने के संवैधानिक अधिकार सीमित हो जाएंगे। पंकज गर्ग एटक यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, केंद्र की वर्तमान सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों के दबाव में है। हमने पूर्व में भी कई विरोध प्रदर्शन और हड़तालें की हैं, लेकिन सरकार मजदूरों की आवाज अनसुनी कर रही है। ये चार लेबर कोड मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलने वाले हैं, जिन्हें हम किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। यूनियन प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल का यह 'काला दिवस' केवल एक सांकेतिक विरोध है। यदि सरकार ने इन मजदूर विरोधी कानूनों को वापस नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा और पूरे कोयला उद्योग में चक्का जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है। आज के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी प्रमुख खदान क्षेत्रों के श्रमिक प्रतिनिधि और भारी संख्या में कामगार उपस्थित रहे।

### एमएसई ने इक्विटी सेगमेंट के लिए मार्केट मेकर्स की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की

**मुंबई :** एमएसई ने अपने इक्विटी सेगमेंट के लिए मार्केट मेकर्स नियुक्त करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इस कदम से बाजार में लेनदेन की गहराई बढ़ने, कीमतों के सही निर्धारण में मदद मिलने और ट्रेडिंग के अनुभव को और बेहतर बनाने की उम्मीद है। एमएसई 1 अप्रैल 2026 से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय शुरू करेगा। इसका उद्देश्य बाजार में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना और ट्रेडिंग के लिए एक सक्रिय माहौल तैयार करना है। ये कदम एमएसई की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत वह सभी जुड़े हुए पक्षों के लिए एक पारदर्शी, कुशल और प्रतिस्पर्धी बाजार उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है।

## जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एंबेसडर; होम डेकोरेटिव पेंट इंडस्ट्री में भरोसे को किया और मजबूत

**नई दिल्ली।** जेके मैक्स पेंट्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। अक्षय कुमार की विश्वसनीयता, भरोसा और निर्भरता जैसे गुण जेके मैक्स पेंट्स के ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। भारतीय दर्शकों और घर के मालिकों के बीच अपनी जबरदस्त लोकप्रियता के लिए मशहूर अक्षय कुमार, ब्रांड में प्रामाणिकता और एक सहज जुड़ाव लेकर आते हैं। प्रदर्शन और भरोसे के एक विश्वसनीय चेहरे को साथ जोड़कर, जेके मैक्स पेंट्स का लक्ष्य उपभोक्ताओं के बीच अपनी पहचान को और भी मजबूत बनाना है। होम ब्यूटीफिकेशन क्षेत्र में चार दशकों से अधिक की अपनी शानदार विरासत और जेके वॉलमैक्स वॉल पुट्टी की बाजार में अग्रणी पकड़ के आधार पर, जेके मैक्स पेंट्स का लक्ष्य देशभर के उपभोक्ताओं के बीच होम डेकोरेटिव सॉल्यूशंस के लिए पहली पसंद बनना है। अक्षय कुमार का स्वागत करते हुए व्हाइट सीमेंट एवं पेंट्स के बिज़नेस हेड, नितिश चोपड़ा ने कहा, यह साझेदारी जेके मैक्स पेंट्स को एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड के रूप में स्थापित करने की हमारी यात्रा का अहम पड़ाव है। जैसे-जैसे हम नए बाजारों में विस्तार कर रहे हैं।

# मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नौ नई 108 एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

### शहरों में 15 और गाँवों में 30 मिनट में पहुँचने का लक्ष्य

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज 9 नई 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये एम्बुलेंस जिले एवं विकासखंड स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए तैनात की गई हैं। एडवांस एवं बेसिक लाइफसपोर्ट से लैस

इन नवीन एम्बुलेंसों में एडवांस लाइफ सपोर्ट ( ए एल एस ) एवं बेसिक लाइफसपोर्ट ( बी एल एस) दोनों की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।



प्रत्येक एम्बुलेंस में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन सपोर्ट सहित प्राथमिक से लेकर आपातकालीन चिकित्सा की समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मरीज को घटनास्थल पर ही त्वरित उपचार मिल सके एवं उच्च संस्थाओं में समय पर संदर्भन हो सके।

**सभी एंबुलेंस वाहनों का समय सीमा हुआ तय शहर में 15 गाँव में 30 मिनट में पहुंच-** शासन ने 108 सेवा के लिए स्पष्ट समय सीमा निर्धारित की है। शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इन नई एम्बुलेंसों के जुड़ने से जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में भी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक प्रभावी होंगी।

इस अवसर पर पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष श्री भीमसेन अग्रवाल, श्री मुरली मनोहर सोनी, श्री शशीकांत गर्ग, श्री संदीप अग्रवाल, श्री राजेश्वर तिवारी, श्री देव गुप्ता, श्री रितेश गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री कपिल देव पैकरा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, डॉ. राजेश पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप नामदेव, अस्पताल सलाहकार श्री नीलेश गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### स्मार्ट कूलिंग, स्मार्ट गर्मियाँ, कूल बचत: सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी करते हैं यह काम

**नईदिल्ली।** भारतीय गर्मियों के लिए सबसे अच्छा एसी चुनते समय, मुख्य बातों में तेज कूलिंग, एनर्जी की बचत, अचानक बढ़ती गर्मी के हिसाब से ढलना और स्मार्ट कंट्रोल शामिल हैं। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन रूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है। यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज़्यादा आराम मिलता है। सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं। इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम करते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं।

# श्री हनुमान जयंती पर धार्मिक आयोजन के बीच श्री राम टावर होगा स्थापित

### 100 फीट ऊंची टावर से नियमित सुबह शाम गूंजेगा रामायण एवं हनुमान चालीसा

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)**विश्व हिन्दू परिषद जिला-सूरजपुर अंतर्गत दुर्गा वाहिनी,बजरंग दल विश्रामपुर के द्वारा सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से कोयलांचल क्षेत्र विश्रामपुर के हनुमान मंदिर अम्बेडकर चौक में लगभग 100 फीट ऊंचा श्री राम टावर का आज एक अप्रेल को प्रातः होगा स्थापना।

आज 1 अप्रैल को उक्त टावर का



स्थापना सरदार मंजीत सिंह भामरा इंजीनियर द्वारा निर्मित टावर के माध्यम से क्षेत्र में सुबह शाम श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भगवान श्री राम का चरित्र गान किया जाएगा।

श्री राम भक्त हनुमान जी के जयंती के अवसर पर उक्त



टॉवर का विधि विधान से पूजा कर स्थापित किया जाएगा। आयोजन की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। उक्त पवित्र कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होने का आग्रह किया है।

श्री श्री हनुमान जन्म उत्सव पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन आयोजन

बिश्रामपुर स्थित सर्व सिद्धि दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री श्री हनुमान जन्म उत्सव पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है।

अप जानकारी देते हुए मंदिर समिति की सदस्य एवं धार्मिक कार्यकर्ता दिनेश गोयल ने बताया कि प्रतिवर्षण अनुसार विघ्नहर्ता संकट मोचन श्री श्री हनुमान जी की जयंती के अवसर पर अखंड रामायण सहित रामचरित मानसा गायन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ प्रतिवर्ष की भांति भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। श्री गोयल ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में उपस्थित हो धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य कमाने की अपील की है।

# संपादकीय

## हर क्षेत्र में निर्यात गिरा

इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को छोड़ दें, तो बाकी लगभग हर क्षेत्र में निर्यात गिरा है। ऐसे में उत्पादन संबंधी हालात का गंभीर होना लाजिमी है। फरवरी में युवा बेरोजगारी की दर चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई। फरवरी में भारत का व्यापार घाटा पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में लगभग दो गुना हो गया। जनवरी से तुलना करें, तो व्यापार घाटे में लगभग सात बिलियन डॉलर गिरावट आई, मगर ऐसा निर्यात के साथ-साथ आयात में भी बड़ी गिरावट के कारण हुआ। जिन देशों में भारतीय वस्तुओं की मांग गिरी, उनमें अमेरिका भी है। यानी रूसी तेल आयात संबंधी टैरिफ हटाने और तथाकथित जैसे को तैसा आयात शुल्क 25 से 18 प्रतिशत करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले से भारतीय कारोबार को कोई राहत नहीं मिली। ऐसा संभवत: इसलिए हुआ कि अन्य देशों को मिली राहत ने उनके उत्पादों को भारतीय वस्तुओं की तुलना में अधिक सस्ता बना दिया है। तो जनवरी की तुलना में फरवरी में अमेरिका के लिए भारतीय निर्यात 12.9 प्रतिशत गिर गया। दरअसल, चीन को छोड़कर तमाम महत्त्वपूर्ण बाजारों के लिए भारतीय निर्यात में गिरावट आई। सिर्फ चीन के लिए भारतीय निर्यात 32.4 प्रतिशत बढ़ा, मगर वहां से आयात भी 30.5 फीसदी बढ़ गया। इस तरह चीन से पहले जारी भारी व्यापार घाटे को पाटने में ज्यादा मदद नहीं मिली। पिछले अप्रैल से इस वर्ष फरवरी तक चीन से व्यापार घाटा 102 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है, जबकि इसके पहले के वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 99 बिलियन डॉलर था। तो कुल मिलाकर विदेश व्यापार में भारत की चिंता बढ़ती जा रही है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को छोड़ दें, तो बाकी लगभग हर क्षेत्र में निर्यात गिर रहा है। स्विट्जरलैंड, यूएई आदि जैसे जिन देशों से मुक्त व्यापार समझौते हुए हैं, उनसे व्यापार घाटा और बढ़ा है। ऐसे में देश के अंदर उत्पादन की स्थितियों का गंभीर होना लाजिमी है। फरवरी में युवा बेरोजगारी की दर चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई, जबकि सरकारी परिभाषा में जिस युवा को हफ्ते में घंटे भर का भी काम मिल जाए, उसे बेरोजगार नहीं माना जाता। ऐसे में असल बेरोजगारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, ज्यादातर हालिया आर्थिक आंकड़े बढ़ रही मुसीबत का संकेत दे रहे हैं। ये आंकड़े गुलाबी सूरत के सरकारी कथानक में लगातार छिद्र कर रहे हैं।

# भारतीय शासन व्यवस्था की पटकथा फिर से लिख रहा है मिशन कर्मयोगी

डॉ जितेंद्र सिंह

कल्पना करें कि राजस्थान के दूरदराज के किसी कोने में जिला कलेक्टर को एक ऐसी महत्वाकांक्षी कल्याण योजना की जिम्मेदारी सौंपी जाती है जिसके बारे में उसकी जानकारी बहुत कम है। एक दशक पहले उसे जानकारी के लिए कहीं धूल खा रही किसी नियमावली का सहारा लेना होता। या फिर वह अपने किसी वरिष्ठ सहयोगी की तीन बैठकों और लंच के बाद खाली होने का इंतजार करता। उसकी उम्मीद उस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी टिकी हो सकती थी जो शायद एक या दो साल में कभी आता। लेकिन आज वह अपने फोन के जरिए आईगॉट (इंटिग्रेटेड गर्वनमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म) पर लॉग ऑन करता है। उसे मिनटों में ही अपनी जरूरत के अनुरूप एक सुव्यवस्थित कार्यकुशलता आधारित पाठ्यक्रम मिल जाता है। वह शाम तक सूचनाओं और आत्मविश्वास से लैस होकर योजना के लाभार्थियों की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहा होता है। यह बदलाव देखने में छोटा लग सकता है मगर हकीकत में किसी क्रांति से कम नहीं है। चमक-दमक से दूर धैर्य के साथ पांच साल पहले शुरू किया गया मिशन कर्मयोगी एक क्रांति ला रहा है। यह नए भारत के लिए एक नई तरह के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने के उद्देश्य से चुपचाप काम कर रहा है। इसके महत्व को समझने के लिए हमें पहले संदर्भ को जानना होगा। 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य तक यूं ही नहीं पहुंचा जा सकता। इस मंजिल तक पहुंचने के लिए हमें भारत गणतंत्र को चलाने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के जरिए सावधानी से एक-एक कदम आगे बढ़ना होगा। इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी, प्रौद्योगिकी या नीति नहीं है। सबसे ज्यादा अहमियत उन लगभग 3.5 करोड़ प्रशिक्षित, उत्साही और नागरिक केंद्रित सरकारी कर्मियों की क्षमता की है जो हर सुबह उठ कर भारतीय शासन को संचालित करते हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ज्यादातर समय क्षमता निर्माण का मॉडल सांयोगिक रहा है। किसी नौजवान अधिकारी को सेवा की शुरुआत के समय औपचारिक प्रशिक्षण दिया जाता था। फिर करियर के बीच में यदा-कदा उसे कुछ पाठ्यक्रमों में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता था। बाकी, उसे काम करते हुए और दूसरों को देख कर ही सीखना होता था। एक स्थिर और धीमी गति से आगे बढ़ते विश्व में यह काफी था। लेकिन कृत्रिम मेधा, जलवायु अवरोध, जनसांख्यिकीय दबाव और जबर्दस्त प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में यह सरासर नाकाफी है। प्रशासन के सामने चुनौतियां जिस रफ्तार से आती हैं उसके सामने प्रशिक्षण की पुरानी प्रणालियों की गति कहीं नहीं टिकती। 'मिशन कर्मयोगी' को इसी बेमेल स्थिति के समाधान के रूप में की गई थी। 2021 में शुरू किया गया यह मिशन—जिसे उसी वर्ष अप्रैल में स्थापित 'क्षमता निर्माण आयोग' द्वारा संस्थागत रूप से संचालित किया गया, एक सचमुच महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे बढ़ा। भारतीय सिविल सेवाओं की सीखने की संस्कृति को, समय-समय पर होने वाली और केवल नियमों के पालन तक सीमित प्रक्रिया से बदलकर, एक निरंतर चलने वाली, भूमिका-आधारित और स्वयं-निर्देशित विकास यात्रा में रूपांतरित करना इसका मकसद है। जैसा कि आयोग इसका वर्णन करता है, यह बदलाव 'कर्मचारी'—यानी नियमों का पालन करने वाले एक पदाधिकारी से 'कर्मयोगी' बनने की ओर है: एक ऐसा लोक सेवक जो किसी उद्देश्य, सेवा-भाव और उत्कृष्टता से प्रेरित हो। पाँच वर्षों के बाद, ये आंकड़े अत्यंत शिक्षाप्रद हैं। 'आईगॉट' (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) प्लेटफॉर्म पर अब 1.5 करोड़ से अधिक सरकारी अधिकारी सक्रिय शिक्षार्थी के रूप में जुड़े हैं — यह एक ऐसी संख्या है जो शुरुआत के समय काल्पनिक लगती थी। 4,600 से अधिक योग्यता-आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से, इन अधिकारियों ने 8.3 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। अकेले पिछले 'राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह' के दौरान, भागीदारी के परिणामस्वरूप 4.5 मिलियन घंटे के पाठ्यक्रम नामांकन और 3.8 मिलियन घंटे की वास्तविक शिक्षा दर्ज की गई। ये केवल अमूर्त आंकड़े नहीं हैं। दर्ज किया गया प्रत्येक घंटा भारत में कहीं न कहीं एक लोक सेवक का प्रतिनिधित्व करता है — छत्तीसगढ़ में एक राजस्व निरीक्षक, पुणे में एक शहरी स्थानीय निकाय अधिकारी, मणिपुर में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ये सब अपने साथी नागरिकों की बेहतर सेवा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहें हैं। जो बात आईगॉट प्लेटफॉर्म को वास्तव में परिवर्तनकारी बनाती है, वह केवल इसका पैमाना नहीं है, बल्कि इसकी 'पहुँच की संरचना' है। यह किसी भी समय और कहीं भी, स्मार्टफोन या डेस्कटॉप पर, कई भाषाओं में उपलब्ध है, और इसे शिक्षार्थी के पेशेवर प्रोफाइल के अनुसार बनाया गया है। पाठ्यक्रमों को हर तीन से छह महीने में अपडेट किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि शासन में एआई टूल का उपयोग कैसे करें या नए वित्तीय नियमों को कैसे समझें, इससे संबंधित सामग्री वर्तमान और प्रासंगिक बनी रहे। दूसरे शब्दों में, यह प्लेटफॉर्म धूल फांकने वाली कोई डिजिटल लाइब्रेरी नहीं है — बल्कि यह सीखने का एक जीवंत और अनुकूलन योग्य तंत्र है। इस पर विचार कीजिए कि एक आदिवासी जिले की जूनियर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए इसका क्या अर्थ है, जिसे उसकी अपनी भाषा में बाल पोषण मूल्यांकन के नवीनतम प्रोटोकॉल समझाने वाला एक मॉड्यूल प्राप्त होता है। उसे अपने ब्लॉक में किसी प्रशिक्षक के आने का इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है। वह सीखती है, और कार्य करती है। यही इस मिशन का 'लोकतांत्रिक लाभांश' है। क्षमता निर्माण आयोग, इस तंत्र के रणनीतिक संरक्षक के रूप में, एक साथ 'वास्तुकार' और 'संचालक' दोनों की भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय नीति बनाने वाले एक सचिव से लेकर ग्राम स्तर पर इसे लागू करने वाले एक पंचायत पदाधिकारी तक, यह पहचान करता है कि सार्वजनिक भूमिकाओं के विशाल स्पेक्ट्रम में किन योग्यताओं की आवश्यकता है। यह सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानक 2.0 ढांचे के



माध्यम से देश के प्रशिक्षण संस्थानों के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित करता है, जिसके तहत देश भर के 200 से अधिक प्रशिक्षण संस्थान पहले ही मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। यह राज्यों के साथ मिलकर काम करता है। सभी 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अब औपचारिक समझौता ज्ञापनों के माध्यम से जुड़ चुके हैं ताकि ऐसी विशिष्ट 'क्षमता निर्माण योजनाएं' तैयार की जा सकें जो कार्यबल की दक्षताओं को संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ जोड़ती हैं। 'राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम' जैसी ऐतिहासिक पहलों के माध्यम से, इसने एक मिलियन से अधिक प्रमाणित अधिकारियों को बड़े पैमाने पर व्यवहार प्रशिक्षण दिया है, जो प्रत्येक नागरिक को अंतिम हितधारक के रूप में मानने की सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण कला है। मिशन के इस अंतिम आयाम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक ऐसी चीज़ के बारे में है जिसे 'पूर्णता प्रमाण पत्र' या 'लॉग किए गए घंटों' में आसानी से नहीं मापा जा सकता। मिशन कर्मयोगी की सबसे गहरी आकांक्षाओं में से एक है—दृष्टिकोण में बदलाव। यह राज्य और नागरिक के बीच एक 'लेन-देन' वाले संबंध से हटकर 'नागरिक देवो भव' की भावना से परिभाषित संबंध की ओर एक आंदोलन है: नागरिक ईश्वर के समान है, वह सर्वोच्च अधिकारी है जिसके प्रति राज्य का सेवक जवाबदेह है। जब रेलवे काउंटरों, राजस्व कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों पर नागरिक-केंद्रित अधिकारियों को इसके तहत प्रशिक्षित किया गया और बाद में नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया तो प्रतिक्रिया आश्चर्यजनक थी। उन्होंने बदलाव को महसूस किया। न केवल दक्षता में, बल्कि व्यवहार की आत्मीयता, तत्परता और बातचीत की मानवीय गुणवत्ता में भी। एक ऐसे युग में जब एआई प्रशासनिक कार्यों के विशाल हिस्सों को स्वचालित करने की चुनौती दे रहा है, यह मानवीय परत, जो सहानुभूतिपूर्ण, सांस्कृतिक रूप से जागरूक और स्थानीय जड़ों से जुड़ी है कोई फालतू चीज़ नहीं, बल्कि भारत के शासन की सर्वोच्च शक्ति है। इस मिशन ने अपनी तकनीकी महत्वाकांक्षाओं के साथ-साथ भारत की बौद्धिक विरासत का सम्मान करने का भी एक सचेत प्रयास किया है। 'भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ' के माध्यम से, पारंपरिक ज्ञान जिसमें सामुदायिक शासन और कृषि से लेकर वित्त और स्वास्थ्य सेवा तक के क्षेत्र शामिल हैं — को प्रशिक्षण सामग्री के ताने-बाने में बुना जा रहा है; इसे केवल अतीत की यादों के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत ज्ञान के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। 'अमृत ज्ञान कोष' भंडार, जिसमें 70 से अधिक पूर्ण केस स्टडीज़ शामिल हैं, शासन-प्रशासन से जुड़े ऐसे ज्ञान का एक संग्रह तैयार कर रहा है जिसकी जड़ें भारतीय संदर्भों और भारतीय समाधानों में निहित हैं। प्रशासनिक मानसिकता का यह 'वि-औपनिवेशीकरण', जिसके तहत भारतीय लोक सेवकों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी ही सभ्यतागत विरासत के साथ आत्मविश्वासपूर्ण जुड़ाव स्थापित करने की ओर लौटाया जाता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख आकांक्षाओं में से एक है और 'मिशन कर्मयोगी' इसी आकांक्षा को साकार रूप दे रहा है। 'साधना' सप्ताह 2 से 8 अप्रैल तक मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह — इस पांच वर्षीय यात्रा का उत्सव और इसके अधूरे कार्यों के प्रति पुनर्संकल्प, दोनों है। 'साधना' शब्द यहाँ अत्यंत उपयुक्त है। इसका अर्थ है समर्पित अभ्यास; एक ऐसे व्यक्ति का अनुशासित दैनिक प्रयास जो किसी एक असाधारण कार्य के माध्यम से नहीं, बल्कि अपने कौशल के प्रति निरंतर समर्पण के माध्यम से निपुणता प्राप्त करना चाहता है। जैसे ही हम सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के एक 'राष्ट्रीय सम्मेलन' के साथ इस सप्ताह का उद्घाटन कर रहे हैं, जिसमें लगभग 700 वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत रूप से और 3,000 से अधिक वर्चुअल माध्यम से शामिल हो रहे हैं, हम केवल एक वर्षगाँठ नहीं मना रहे हैं। हम अगले पांच वर्षों के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं — एक ऐसे भविष्य की ओर जिसमें हर स्तर पर प्रत्येक सिविल सेवक निरंतर सीखने वाला, एक 'नागरिक-चैंपियन' और भारत की आकांक्षाओं का एक आत्मविश्वासी संरक्षक होगा।विकसित भारत 2047 के लक्ष्य — सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज से लेकर शून्य शुद्ध उत्सर्जन के संकल्प तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर वैश्विक विनिर्माण नेतृत्व तक, केवल नीतिगत माध्यम से पूरे नहीं होंगे। वे लोगों के माध्यम से पूरे होंगे: उस जिला अधिकारी द्वारा जो योजना को सही ढंग से समझ कर उसे पूरी शुद्धता के साथ लागू कर सके; उस शहरी योजनाकार द्वारा जो स्थानिक डेटा टूल का उपयोग कर सके; उस अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा जो सार्वजनिक स्वास्थ्य अलर्ट को इस तरह संप्रेषित करे कि उसका समुदाय उस पर भरोसा करे। मिशन कर्मयोगी न केवल कल के लिए, बल्कि आने वाले दशकों के लिए उसी दल का निर्माण कर रहा है। भारत की शासन-व्यवस्था की कहानी के लंबे और प्रकाशमान सफर में, यह शायद वह अध्याय है जिसमें शासन ने आखिरकार 'सीखना' सीख लिया।

(**लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग और कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री हैं)

## आलेख

# ईरान बनाम इस्रायल-अमेरिका: पाक की हांडी में सुलह की खिचड़ी

डॉ. सुधीर सक्सेना

अपनी सामरिक गणित के फेल हो जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यपूर्व के दिनोंदिन पेचीदा और विकराल होते जाते बखेड़े से पाँव बाहर खींचने के फेर में हैं। दिलचस्प तौर पर इसके लिये उन्होंने अपने पिट्ठू पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष असीम मुनीर को चुना है और फिलहाल इस्लामाबाद में दोनों जंगजू पक्षों के दरम्यां सुलह की बातचीत चल रही है। इस्लामाबाद में चूल्हे पर हांडी चढ़ा दी गई है। बिला शक अमेरिका किसी भी विधि इस तरह पाँव पीछे खींचना चाहता है कि उसकी नाक बची रहे और उसके शर्मनाक और अपमानजनक अभियानों की फेहरिस्त में वियेतनाम और अफगानिस्तान के बाद ईरान का नाम न जुड़े। ट्रंप के पांच दिनों के इकतरफा युद्धविराम और ईरानी ठिकाने पर ताजा हमले के लिये इस्रायल को डंपटने के पीछे यही भेद छिपा है। इस बात में शक नहीं है कि ट्रंप अपने ही खब्त की गिरफ्त में हैं। वह कब क्या कर बैठेगें, वह खुद नहीं जानते। उनके मन में वैश्विक मर्यादाओं और राष्ट्रों की संप्रुभता के प्रति कोई सम्मान नहीं है। निस्संदेह, उनकी मुहिम गैरजरूरी थी और नितांत विफल रही है। 28 फरवरी को छेड़ी गई इस मुहिम के पहले ही दौर में धार्मिक नेता अयातुल्लाह खामेनेई को उनकी मांद में मार गिराने तक सब ठीक था, लेकिन उसके बाद ट्रंप के सारे पांसे और अंदाजे गलत निकले। मोज्तबा खामेनेई पर वार और लारीजानी की हत्या व्हाइट हाउस की %भूल गलती% सिद्ध हुई। विज्ञान में स्नातक और इमैनुएल कांट के दर्शन पर पीएचडी किये लारीजानी सूझबूझ भरे ऐसे परिपक्व और प्रभावशाली नेता थे, जिनसे बातचीत की जा सकती थी, लेकिन उनकी हत्या के बाद नेतृत्व इस्लामी गार्डों की उस छितरी हुई टोली के हाथ में चला गया, जिसमें कोई ऐसा चेहरा नहीं था, जिसका सैन्य बल और अवाम में रसूख हैं। इस बीच ईरान ने अड़ोस-पड़ोस के अमेरिकी पिट्ठुओं बहरीन, सऊदी, अरब, अरब अमीरात, कतर और ओमान तथा सुदूर दियागोगार्सिया में अड्डों पर प्रहार कर अपनी अचूक मारक क्षमता का बखूबी एहसास करा दिया। दूसरे इस्रायल के आयरन-डोम यानि लौह गुंबद या छतरी का बहुप्रचारित और गालबजाऊ मिथ भ्रांति सिद्ध हुआ। मध्यपूर्व के मुल्कों के निर्लवण-संयंत्र ईरान की सीधी जद में थे और होर्मुज जलडमरूमध्य का तुरूप का पत्ता ईरान की जेब में। तीन हफ्ता से ज्यादा की जंग ने तस्दीक कर दी थी कि ईरान घुटने नहीं टेकेगा और उसे तबाही गवारा है, मगर शिकस्त नहीं। यह भी साफ हो गया कि न तो कोई ईरानी गुल्लू बनने को तैयार है और न ही आर्य मेहर रजाशाह पहलवी के साहेबजादे की तेहरान वापसी में ईरान अवाम की कोई रूचि है। उलटे जियोनवादी आक्रमण ने ईरानी अवाम को मुसीबातें और दमन के बावजूद इस्लामी सत्ता के पक्ष में एकजुट कर दिया। ये ही वे सन्दर्भ हैं, जिनके चलते ट्रंप ने पहले तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान को टटोला। बात बनी नहीं तो उनकी नज़र पाकिस्तान के सीडीसी मुनीर पर गयी। मुनीर ने एर्देगान से बात की और फिर तार जुड़े काहिरा यानि मिस्र से। सौ करोड़ डॉलर की बोली लगी। हामी के बाद ईरानी मजलिस के स्पीकर गालीबफ पर मध्यस्थों की नजर गयी। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन अपने तईं सक्रिय थे1 उन्होंने यूएई, कतर और ईरान से संपर्क साधा। दूरभाष पर मैराथन चर्चा हुई। पुतिन ने स्पष्ट कर दिया कि रूस ईरान को तबाही के रास्ते पर नहीं छोड़ सकता, क्योंकि वह उसका रणनीति साथी और मित्र है। इस बीच रूसी विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव के इस आशय के बयान ने अमेरिका-इस्रायल की पेशानी पर सलें डाल दीं कि वे ईरान की मिसाइल समेत सामरिक क्षमता को कमतर न आंके। इस बात की तस्दीक हो गई है कि लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री अरागाची से फोन पर लंबी बातचीत की। बहरहाल, घड़ी के कांटे ऐसे घूमे कि आईआरजीसी की रजामंदी से गालीबफ को इस्लामाबाद लाया गया।

# चुनाव तक तेल की राहत-नीति या राजनीति ?

सौरभ वार्ष्णेय

देश में पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में हालिया राहत ने आम जनता को कुछ हद तक राहत दी है। खासकर जब पांच राज्यों में चुनाव नजदीक हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह राहत दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का हिस्सा है या फिर चुनावी राजनीति की एक सोची-समझी चाल। जहां दूसरे देशों में तेल की कीमतों में आग लगी हुई हैं। ऐसे में भारत जैसे देश में राहत कब तक ? यानी आप यह न समझें महंगाई काबू है। महंगाई धीरे धीरे बढ़ रही है।

भारत में ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों, टैक्स ढांचे और सरकारी नीतियों पर निर्भर करती हैं। जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है, तो उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जेब पर पड़ता है। ऐसे में सरकार द्वारा टैक्स में कटौती या कंपनियों को कीमतें स्थिर रखने के निर्देश देना, तत्काल राहत तो देता है, लेकिन इसके पीछे की मंशा पर बहस होना भी स्वाभाविक है।चुनाव के समय अक्सर सरकारें जनहित में फैसले लेती हैं, लेकिन इन फैसलों का समय उन्हें राजनीतिक रंग दे देता है। तेल की कीमतों में कमी से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलती है, परिवहन लागत घटती है और इसका सकारात्मक असर रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों पर भी पड़ता है। इससे मतदाताओं के बीच सरकार की छवि मजबूत होती है।हालांकि, सवाल यह भी है कि क्या यह राहत स्थायी है? चुनाव खत्म होने के बाद क्या फिर से कीमतों में बढ़ोतरी होगी? यदि ऐसा होता है, तो यह साफ संकेत होगा कि यह कदम केवल चुनावी लाभ के लिए उठाया गया था। दूसरी ओर, यदि सरकार लंबे समय तक संतुलित कीमतें बनाए रखती है, तो इसे एक ठोस आर्थिक नीति कहा जा सकता है। देश की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। वह केवल तात्कालिक राहत से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि स्थायी समाधान चाहती है। सरकार के लिए चुनौती यही है कि वह चुनावी लाभ से ऊपर उठकर ऐसी नीतियां



बनाए, जो दीर्घकाल में आर्थिक स्थिरता और जनकल्याण दोनों सुनिश्चित करें। तेल की कीमतों में यह राहत चाहे जिस भी कारण से आई हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि जनता अब केवल राहत नहीं, बल्कि पारदर्शिता और स्थायित्व की अपेक्षा रखती है।

देश में जब-जब चुनावी मौसम आता है, तब-तब महंगाई का मुद्दा भी नई धार के साथ सामने खड़ा हो जाता है। इस समय पाँच राज्यों में चुनावी हलचल के बीच आम जनता की सबसे बड़ी चिंता—महंगाई—फिर से राजनीतिक बहस के केंद्र में है। रसोई गैस से लेकर पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं तक, हर चीज़ की कीमतों ने आम आदमी के बजट को झकझोर कर रख दिया है। चुनावों के दौरान अक्सर सरकारें राहत के कुछ कदम उठाती हैं—कभी ईंधन के दामों में अस्थायी कमी, तो कभी सब्सिडी या योजनाओं का ऐलान। लेकिन यह राहत अक्सर चुनाव तक ही सीमित रहती है। सवाल यह है कि क्या महंगाई केवल चुनावी मुद्दा बनकर रह जाएगी, या इसके स्थायी समाधान की दिशा में ठोस प्रयास होंगे?विपक्ष महंगाई को सरकार की विफलता बताकर जनता के बीच जा रहा है, तो सत्तापक्ष वैश्विक कारणों—जैसे कच्चे तेल की कीमतें, अंतरराष्ट्रीय संकट—का हवाला देकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करता है। सच यह है कि महंगाई पर दोनों ही पक्षों की राजनीति के बीच आम आदमी कहीं दब जाता है। महंगाई का सीधा असर मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग पर पड़ता है। बढ़ती कीमतों के कारण न केवल उनकी क्रय शक्ति घटती है, बल्कि जीवन स्तर पर भी असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जहाँ आय के साधन सीमित हैं।

जरूरत इस बात की है कि सरकारें अल्पकालिक राहत के बजाय दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान दें। कृषि क्षेत्र को मजबूत करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुधारना और रोजगार के अवसर बढ़ाना—ये कुछ ऐसे कदम हैं जो महंगाई पर काबू पाने में सहायक हो सकते हैं। देश में चुनावी राजनीति से ऊपर उठकर महंगाई जैसे गंभीर मुद्दे पर सर्वदलीय सहमति बनानी होगी। क्योंकि यह केवल एक आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़ा सवाल है। चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन महंगाई पर स्थायी नियंत्रण ही असली राजनीतिक सफलता का पैमाना होना चाहिए। देश में पाँच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीवंतता और जनता की अपेक्षाओं का प्रतिबिंब भी हैं। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब महंगाई, बेरोजगारी, विकास और सुशासन जैसे मुद्दे आम नागरिक के जीवन को सीधे प्रभावित कर रहे हैं।

चुनावी माहौल में सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीतियों के साथ मैदान में हैं। सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों को गिनाकर जनता से पुनः विश्वास मांग रहा है, वहीं विपक्ष सरकार की नीतियों और कमियों को उजागर कर विकल्प प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। चुनावी भाषणों में वादों की भरमार है, लेकिन असली सवाल यह है कि इन वादों का जमीनी हकीकत से कितना संबंध है।

महंगाई आज सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरी है। रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दाम ने आम आदमी की जेब पर भारी बोझ डाला है। ऐसे में मतदाता यह देख रहा है कि कौन-सी सरकार उसे राहत देने में सक्षम है। इसके साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, किसानों की आय और बुनियादी सुविधाओं का विकास भी निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इन चुनावों का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि इनके परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यह चुनाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए एक संकेत भी होंगे कि जनता का रुझान किस ओर है।

हालांकि, चुनाव केवल मुद्दों और वादों तक सीमित नहीं रहने चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि मतदाता जाति, धर्म और क्षेत्रीय भावनाओं से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। एक जागरूक और जिम्मेदार मतदाता ही देश के भविष्य को सही दिशा दे सकता है। पाँच राज्यों के ये चुनाव लोकतंत्र का उत्सव हैं, जहां जनता ही असली निर्णायक होती है। अब यह मतदाताओं पर निर्भर है कि वे किसे अपना विश्वास सौंपते हैं और किसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाते हैं।ऐसे में अगर महंगाई काबू रहे तो अर्थ के लिए अच्छा है। लेकिन यह सब जातने है कि यह चुनाव वाद महंगाई बढ्नी तय है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।**

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ के राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ प्रवास के दौरान राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति, रायगढ़ द्वारा आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में शामिल होने के क्रम में मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने उत्कल समाज द्वारा निर्मित प्रभु जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर झारसुगुड़ा विधायक श्री टंकाधर त्रिपाठी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्री जीवर्धन चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं उत्कल समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

## विश्व प्रसिद्ध महावीर जी का लक्खी मेला-भगवान महावीर के जयकारों के साथ आज निकलेगी विशाल रथयात्रा-24 फीट खड्गासन भगवान महावीर के होगें महामस्तकाभिषेक

**महावीर जी (विश्व परिवार)।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयन्ती) पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में शुक्रवार 27 मार्च से शुरू हुए आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले में गुरुवार, 2 अप्रैल को मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी। जो गम्भीर नदी के तट पर जायेगी जहां भगवान महावीर के पंचामृत कलशाभिषेक होगें। इससे पूर्व बुधवार, 01 अप्रैल को मेले में सामूहिक पूजा, मेला निरीक्षण, सामूहिक आरती, शास्त्र प्रवचन, सांस्कृतिक संध्या एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के आयोजन किये गये।

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री



उमरावमल संघी ने बताया कि बुधवार को प्रात: श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से चरण चिन्ह छत्री पर तथा दोपहर में कटला पश्चिमी पाण्डाल में सामूहिक पूजन की गई।

कोषाध्यक्ष एवं प्रचार प्रसार मुख्य संयोजक हेमन्त सोगानी के अनुसार अपरान्ह 4.00 बजे उप जिला कलेक्टर एवं प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। मार्ग में जगह जगह स्वागत व सम्मान किया गया। सायकांल कटला प्रांगण में भगवान महावीर की संगीतमय आरती की गई। तत्पश्चात शास्त्र प्रवचन में धर्म के सिद्धांत समझाये गये।

रात्रि में कटले के पूर्वी पाण्डाल में महिला जागृति संघ जयपुर द्वारा सांस्कृतिक संध्या हुई जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी गई। कवि सम्मेलन मुख्य संयोजक विवेक काला ने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन हुआ जिसमें हास्य सम्राट अनिल अग्रवंशी दिल्ली, अमित शर्मा (वीर रस)नोएडा, बाबू बंजारा (राजस्थानी गीतकार)बारां, कवयित्री शिखा अवधेश (गीत-गजल)पुणे, कुशल कुशलेन्द्र (हास्य-व्यंगकार एवं संचालन) गाजियाबाद, कवयित्री दीपा सैनी(राजस्थानी, हिंदी गीत )जयपुर, बाल कवयित्री सान्वी जैन दिल्ली, प्रहलाद चांडक (ओजस्वी गीतकार) कैमला, श्री महावीर जी सहित सभी कवियों ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कविता पाठ किया।

संचालन कुशल कुशलेन्द्र गाजियाबाद ने किया। दीप प्रज्जवलन के बाद क्षेत्र कमेटी द्वारा सभी कवियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, मानद् मंत्री उमरावमल संघी, संयुक्त मंत्री रुपिन काला, अनिल दीवान, कोषाध्यक्ष हेमन्त सोगानी, पूर्व अध्यक्ष नरेश कुमार सेठी, कार्यकारिणी सदस्य शांति कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा, अशोक जैन नेता, महेश काला,महेन्द्र कुमार साह आबूजीवाले, राकेश गोधा,भानू छाबड़ा, प्रदीप गोधा, भारतभूषण जैन, योगेश टोडरका,चन्द्रेश कुमार जैन, पं. मुकेश जैन शास्त्री, नेमी कुमार पाटनी, विकास पाटनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री उमरावमल संघी के मुताबिक गुरुवार, 02 अप्रैल को प्रात: भगवान महावीर की खडगासन प्रतिमा के महामस्तकाभिषेक सहित चौबीसी के विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक होगें। दोपहर में 2 बजे मंदिर प्रांगण से जयकारों के बीच भगवान महावीर की विशाल रथयात्रा निकलेगी जो नदी तट पर जावेगी जहां श्री जी के पंचामृत कलशाभिषेक होगें।रथयात्रा में बैण्ड बाजे, लवाजमा, निशान का घोड़ा, धर्म चक्र, भट्टारक जी की पालकी, विशालकाय ऐरावत हाथी, घोडों वाला नवीन रथ, बैलों वाला मुख्य रथ सहित बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

आचार्य विमल सागर महाराज, मुनि प्रार्थना सागर, मुनि चिनमयानन्द, मुनि विश्वजीत सागर, गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी के सानिध्य में कलशाभिषेक एवं धर्म सभा होगी।

## महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य विशाल भंडारे का आयोजन




**भिलाई (विश्व परिवार)।** महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन सभा द्वारा नेहरूनगर चौक में विशाल भंडारा आयोजित किया। जिसमें 2000 से अधिक राहगीरों को भगवान महावीर के उपदेशों, शाकाहार हेतु प्रोत्साहन व विशेष रूप से ट्रक व बड़े वाहन चालकों से अहिंसा धर्म अपनाते हुए पैदलयात्री साधुओं, जनसामान्य व जानवरों की सुरक्षा अपील की गई। भंडारा के पुण्यार्जक संदीप - सुदीप जैन नायक परिवार ने सभी को खिचड़ी, हलवा का प्रसाद एवं पानी बोतल वितरित की। इस कार्य में समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिला एवं संयोजन में गौरव जैन, अजित जैन, दीपक जैन, सर्वश्रीमती सुनीता जैन, गरिमा, पूजा, राशि, रीना, सेवी, प्रीति, नूतन, रश्मि, सान्या जैन आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति संकल्प पूर्ति पर सिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में भंडारा

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** 31 मार्च 2026 की नियत तिथि तक बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के पूर्णत: समाप्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल को कवर्धा स्थित खेड़ापति हनुमान जी महराज मंदिर में पावन हनुमंत भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के माध्यम से प्रदेश में स्थापित शांति, सुरक्षा और समृद्धि के नए युग का अभिनन्दन करते ईश्वर का आभार नमन-वंदन किया जाएगा। 4 दशकों से अधिक समय से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जूझ रहा था। नक्सलवाद ने विशेषकर बस्तर अंचल को लंबे समय तक प्रभावित किया, जहां हजारों लोगों की जाने व बुनियादी विकास कार्य बाधित रहे और आम जन-जीवन असुरक्षा व दंश के बारूदी साये में रहा। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के कई अन्य जिले भी नक्सलवाद से पीड़ित और प्रभावित रहे, जिसमें कबीरधाम जिला भी शामिल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार नियत समय पर आज छत्तीसगढ़



ही नहीं, समूचे देश से सशस्त्र नक्सलवाद का अंत हो रहा है, दशकों से चली आ रही हिंसा और भय का दौर समाप्त हो रहा है, तब आम लोगों में भी खुशी का माहौल है। जन सामान्य में खुशी इस बात की भी है, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के गृह मंत्री के रूप में कवर्धा के विधायक श्री विजय शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। सबसे अहम तथ्य यह कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों के साहस, वीरता और बलिदानों के कारण संभव हो सकी है। उन जवानों के अमर बलिदान का पावन स्मरण और भगवान खेड़ापति हनुमान जी महराज का पूजन अर्चन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ पावन भंडारा का शुभारंभ प्रात: 11 बजे किया जाएगा।

## नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन




**भिलाई।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्मकल्याक महोत्सव के अवसर पर दिगंबर जैन सभा द्वारा जैन भवन, नेहरूनगर में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से जनसामान्य को स्वस्थ जीवनशैली, पौष्टिक आहार परामर्श व निरोगी शरीर हेतु विशेष परामर्श दिए गए। चिकित्सक डॉ. अंजनी जैन विगत 35 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा का अभ्यास कर रही हैं। सेवा के दौरान श्री देवनन्दी धर्मार्थ औषधालय के माध्यम से अब तक 2 लाख से अधिक रोगियों का उपचार किया गया हैं। साथ ही देश के विभिन्न स्थानों में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का संचालन कर अपनी सेवा प्रदान की हैं। शिविर में विशेष रूप से वात - पित्त - कफ, गठिया रोग, जोड़ो का दर्द, पेट संबंधी विकार, तनाव, चर्म रोग संबंधी परामर्श प्राप्त हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पं. ऋषभ शास्त्री अनेकांत जैन, राजिम परिवार द्वारा नि:शुल्क औषधि वितरण शिविर के दौरान किया गया। शिविर में नेहरूनगर की संस्कृति मंडल की महिलाओं द्वारा पंजीयन व शिविर संचालन किया गया जिसमें 52 लोगों ने परामर्श व औषधि लाभ प्राप्त किया।

## आरंग में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव, जगह-जगह होगा विशाल भोग भंडारे का आयोजन

**आरंग (विश्व परिवार)।** मंदिरों की नगरी आरंग के हर गली मोहल्ले में स्थापित है पवन पुत्र हनुमान। जहां प्रतिदिन श्रद्धालु आते जाते मत्था टेककर कामना करते हैं। खासकर शनिवार और मंगलवार को भक्तगण यहां पहुंचकर सुंदर काण्ड और हनुमान चालीसा का जाप करते हैं। वहीं आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर सहित अंचल के गांव-गांव में जगह-जगह भोग भंडारा, हनुमान चालीसा, सुंदर काण्ड पाठ, भजन कीर्तन किया जा रहा है। प्रात: से ही साधक हनुमान मंदिरो में पहुंचकर पूजा आराधना में जुट जाएंगे।



यह नगर में सबसे अधिक हनुमान जी का मंदिर है। जिनमें महामाया पारा में विराजमान उत्तरमुखी नारायणबन हनुमान, जगन्नाथ मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी हनुमान, गुप्ता पारा में स्थापित हनुमान, बागेश्वर मंदिर के सामने स्थापित हनुमान, पुराने सब्जी बाजार में स्थित रेणुक देव हनुमान, बरगुडी पारा का हनुमान, बस स्टैण्ड में स्थापित प्राचीन हनुमान मंदिर व प्रतिमाएं प्रमुख हैं।

यही कारण है इस नगर में प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है।भक्त इस दिन प्राय: सभी हनुमान जी की प्रतिमाओ में सिंदूर का लेप कर विशेष रूप से पूजा अर्चना करते हैं। सुंदर काण्ड और हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन करते हैं। बहुत हर्षोल्लास से हनुमान जन्मोत्सव को मनाते है।

## कलेक्टर ने राजस्व शिविर का लिया जायजा,आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले के सभी तहसील अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायतों में 1 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित राजस्व शिविर का जायजा लिया। उन्होंने सरपंच, सचिव, पटवारी से शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इस दौरान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों की समस्यायें भी सुनी। उन्होंने एक ग्रामीण की जमीन सीमांकन के आवेदन के निराकरण हेतु पटवारी व आरआई को आज ही आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन करने के निर्देश दिये। इसी तरह पीएम आवास व पेंशन के आवेदन पर भी नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

## जियो और जीने दो का संदेश देते हुए भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**छत्रपति संभाजीनगर।** जियो और जीने दो का संदेश देते हुए सकल जैन समाज की ओर से भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव आज बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ पैठण गेट से मुख्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी थीम पर आधारित झांकियां इस वर्ष की शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। इन झांकियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और एकता का संदेश दिया गया।

भगवान महावीर की जय के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन



साधु-संत उपस्थित थे।

सुबह राजाबाजार जैन मंदिर, महावीर भवन, विमलनाथ जैन मंदिर, सिडको एन-3 रॉयल ग्रुप, सिडको रामनगर, मुकुंदवाड़ी, एन-9, पुंडलिकनगर, छावनी, वालूज, पंढरपुर आदि विभिन्न क्षेत्रों से वाहन रैलियों का आयोजन किया गया। सेवन हिल स्थित राष्ट्रसंत तरुणसागरजी महाराज चौक से साइकिल रैली भी निकाली गई। सभी वाहन रैलियां महावीर उड्डाणपुल चौक पर पहुंचीं। इसके बाद महावीर स्तंभ पर धर्मध्वजारोहण किया गया तथा आगे उस्मानपुरा स्थित उत्तमचंद ठोले दिगंबर जैन छात्रालय में भी ध्वजारोहण किया गया।

शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला, पुरुष और युवक-युवतियों ने रथ, बैंड-बाजा और ढोल-ताशों के साथ जियो और जीने दो का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। आकर्षक रथों पर भगवान महावीर की प्रतिमाओं के साथ सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं।

इस शोभायात्रा के माध्यम से धार्मिकता के साथ-साथ पर्यावरण, स्वच्छता और सामाजिक एकता का प्रभावी संदेश दिया गया।

## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

**भाटापारा (विश्व परिवार)।** प्रात: 7~30 बजे भगवान की प्रतिमा पाण्डुक शिला पर विराजमान कर मंगल अभिषेक किया गया ,मंगल अभिषेक के बाद 7~45 पर भगवान की शांति धारा संपन्न हुई। शांति धारा करने का सौभाग्य श्री आर्नव प्रकाश मोदी एवं नवीन, नितिन सचिन गदिया को प्राप्त हुआ ।शांति धारा के पश्चात भगवान की जन्मभिषेक आरती संपन्न की गई। सुरपति ले अपने शीश जगत के इस गए गिरी राजा जा पांडुक शीला विराजा ।सभी ने खूब भक्ति भाव से धूमधाम से भगवान की मंगल आरती संपन्न की, मंगल आरती के पश्चात तृतीय मूल नायक श्री महावीर भगवान का मस्तकाअभिषेक संपन्न किया गया। सभी उपस्थित भक्तों ने भगवान का मस्तका अभिषेक का लाभ लिया।



मंदिर प्रांगण के अंदर ही निकाली गई शोभायात्रा मंदिर प्रांगण के अंदर सभी भक्तों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा मस्तक में विराजमान कर खूब भक्ति करते हुए नाचते हुए छोटी शोभायात्रा मंदिर के अंदर निकाल और खूब भक्ति के साथ भगवान का भजन किया गया मंदिर जी में देव शास्त्र गुरु पूजा भगवान महावीर स्वामी का पूजन ,सामूहिक रूप से संगीत में किया गया। मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा का 38 वा दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावित शिष्य मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा के मूल चरण एवं मूल सिंहासन सर्व दुख दूर करने वाले अतिश्यकारी चरण मंदिर जी में विराजमान है। जिसके दर्शन को हमेशा संपूर्ण भारतवर्ष से उनके भक्त आते रहते हैं। आज महाराज जी का दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महाराज जी के चरणों का जलाभिषेक, दूध का अभिषेक, केसर का अभिषेक, लाल चंदन का अभिषेक, हल्दी का अभिषेक, रतन वृष्टि ,पुष्प अर्पण कर सानंद संपन्न की गई। उसके पश्चात महाराज जी की पूजन संगीत में भक्ति के साथ सभी ने अष्ट द्रव्य से नैवेद्य फल, रत्न ,पुष्प आदि से संपन्न करी । 31 मार्च 1988 भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के दिवस पर चंद्र प्रभु भगवान का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र सोनागिरी दतिया मध्य प्रदेश में आचार्य विद्यासागर जी ने डायरेक्ट मुनि दीक्षा प्रदान की थी , चिन्मय सागर जी संघ के पहले शिष्य थे जो की एलक, क्षुल्लक, नहीं बनाकर डायरेक्ट मुनि दीक्षा को प्राप्त किए थे । जंगल वाले बाबा ने अपने जीवन काल में लाखों लोगों को नशा मुक्त कराया ,जंगल की साधना करके लाखों लोगों के दुख दर्द दूर किए हैं ।

भगवान महावीर के बारे में बदलते हुए श्रीमती सुमन लता मोदी ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो अहिंसा परमो धर्म के माध्यम से पूरे विश्व का कल्याण हुआ है ।भगवान महावीर वर्तमान शासन नायक हैं। भगवान महावीर का जन्म कुंडलपुर वैशाली बिहार में हुआ था और अपने अपने जीवन में अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए जन-जन का कल्याण करते हुए अपने मोक्ष की साधना की थी। आज हम सब उनका जन्म उत्सव मना कर अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं ।आज आपके बताएं मार्ग पर चलकर पूरे विश्व का कल्याण हो रहा है।

## आप पार्टी का प्रदेशव्यापी बिजली ऑफिस घेराव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जयदीप खनूजा, प्रदेश अध्यक्ष (कर्मचारी विंग ) विजय झा, प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ़, प्रदेश संयुक्त सचिव कलावती मार्को और प्रदेश मीडिया प्रभारी मिहिर कुर्मी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सरकार द्वारा बिजली सरप्लस राज्य छत्तीसगढ़ में पुन: बिजली दर वृद्धि अप्रैल माह से प्रस्तावित है। जबकि पिछले साल 2025 में जुलाई महीने में भी बिजली की दरों में वृद्धि की गयी थी। अब पुन: बिजली दर बढ़ाई जा रही है,उक्त बढ़ी हुई दरों से जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है।बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं और बिजली कम्पनियां 7000 करोड़ का घाटा दिखाकर बिजली दर



वृद्धि कर छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

आम आदमी पार्टी सरकार से निम्न 6 सूत्रीय मांग करती है कि.... 1. प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि ना की जाये तथा पहले से बढ़ी हुई दर कम की जाये क्योंकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली राज्य है। 2. बड़े बकायादारों उद्योगपतियों और सरकारी विभाग जिनका करोड़ों का बिल बकाया है उनसे बिल वसूली की जाये अन्यथा उनका कनेक्शन काटा जाये। 3. स्मार्ट मीटर जिसमें रिचार्ज ख़त्म होने पर कनेक्शन कट जाता है उसमें सुधार किया जाये अथवा स्मार्ट मीटर की बजाय पुराना मीटर लगाया जाये। 4. बिजली कंपनिया अपना खर्च कम करें जिससे कंपनियों को घाटा नहीं होगा और इसकी वसूली आम जनता की जेब से नहीं करनी पड़ेगी। 5. असमय बिजली कटौती खासकर ग्रामीण इलाकों की, बंद की जाये। 6. ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर की फ्री में उपलब्धता सरकार सुनिश्चित करे क्योंकि आज भी कई जगह ग्रामीण खुद के पैसों से ट्रांसफार्मर लातें हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती, महापौर संजय पांडे की पहल सराहनीय



**जगदलपुर।** बस्तर जिले को आज 15 नई एंबुलेंस की सौगात मिली, जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति मिलेगी। महारानी अस्पताल परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर इन एंबुलेंस को रवाना किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल के पीछे महापौर संजय पांडे की सक्रिय भूमिका और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। उनके प्रयासों से आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं में तेजी आएगी और दूर-दराज के मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान महापौर संजय पांडे ने कहा कि शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डॉ. सी. मैत्री, डॉ. रीना लक्ष्मी, डॉ. नीरज ओझा, डॉ. गोविंद सिंह, पीडी बस्तिया, महेंद्र पांडे, सूरज श्रीवास्तव सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### डॉलर लहर ने गर्मियों के जरूरी पहनावे में पेश किया एक 'अकल्पनीय' ट्विस्ट

**कोलकाता:** डॉलर लहर इस गर्मी के मौसम में एक नये अभियान के साथ उत्साह बढ़ा रहा है, जो हास्य, कल्पना और एक अप्रत्याशित 'साइ-फाई' मोड़ का अनूठा मिश्रण है। जैसे ही इनरवियर श्रेणी अपने सबसे व्यस्त सीजन में प्रवेश कर रही है, ब्रांड एक हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है- जहाँ एक साधारण रात असाधारण मोड़ लेती है। इस अभियान के माध्यम से डॉलर लहर खुद को एक भरोसेमंद 'डेली एसेंशियल' (रोज़मर्रा की ज़रूरत) के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, जिसे एक मनोरंजक और यादगार कहानी के जरिए पेश किया गया है। ब्रांड अभियान और इसके ब्रांड एंबेसडर के बारे में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, 卐सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी हाजिरजवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और यही जुड़ाव हमारे व्यापार की बढ़त में तब्दील हुआ है। इस साझेदारी की सबसे खास बात यह है कि उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाता है, इसलिए इस साथ को आगे बढ़ाना हमारे लिए एक बहुत ही स्वाभाविक कदम था।

### चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026 का 5 अप्रैल को होगा सीधा प्रसारण: ब्रांड पार्टनर्स की घोषणा के साथ दर्शकों के साथ जुड़ाव का नया दौर शुरू

**मुंबई:** इंतज़ार की घड़ियाँ खत्म! भारतीय सिनेमा के शानदार जश्न के लिए मंच सज चुका है। 5 अप्रैल को होगा 'चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026' का होगा सीधा प्रसारण। सबसे बेहतरीन फिल्मों का जादू और सितारों का ग्लैमर देश-दुनिया के दर्शक सीधे अपनी स्क्रीन्स पर देख सकेंगे। पहली बार दर्शकों को मिलेगा अवार्ड शो के हर रोमांचक पल का अनुभव सीधे उनकी स्क्रीन्स पर, ठीक उसी वक्त पर जब वो घटित हो रहा हो। यह भव्य समारोह 5 अप्रैल, रात 8 बजे से YouTube, Sony Entertainment Television और Sony LIV पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। दुनिया भर में बढ़ती डिजिटल मांग और फिल्म प्रेमियों की पसंद को देखते हुए इसे हर स्क्रीन पर उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय सिनेमा के एक सबसे सम्मानित और बहुप्रतीक्षित समारोह, 'चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026' ने आज अपने शानदार ब्रांड पार्टनर्स के नाम घोषित किए। अपनी विरासत और भरोसे के लिए विख्यात यह ब्रांड पार्टनर्स कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिल और संस्कृति से गहराई से जुड़े हुए हैं। दशकों से, स्क्रीन अवार्ड्स ने भारतीय फिल्म उद्योग में एक विशिष्ट और सम्मानित स्थान बनाए रखा है। संपादकीय ईमानदारी, कठोर मूल्यांकन और सिनेमाई उत्कृष्टता के प्रति अटूट सम्मान उनकी पहचान है। द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की सशक्त संपादकीय विरासत और स्वतंत्र, गैर-लाभकारी स्क्रीन एकेडमी के मार्गदर्शन में, ये पुरस्कार मनोरंजन के बदलते दौर में भी विश्वसनीयता का एक मानक बने हुए हैं। इस साल के ब्रांड पार्टनर्स भी उसी अटूट संकल्प और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की हमारी परंपरा का प्रतिबिंब हैं।

# जिला मुख्यालय से सरकारी संस्थाओं का पलायन! कृषि महाविद्यालय शिफ्ट करने पर उपज रहा जनाक्रोश

### सत्ता-विपक्ष एकजुट,आम जनता भी सड़क पर उतरने को तैयार

### मुख्यालय को कमजोर करने की साजिश

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय से एक के बाद एक बड़े सरकारी संस्थानों को बाहर भेजे जाने की खबर ने पूरे इलाके में भूचाल ला दिया है।खासकर कृषि महाविद्यालय को मुख्यालय से बाहर शिफ्ट करने के फैसले ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक में जबरदस्त आक्रोश पैदा कर दिया है।हालात ऐसे हैं कि अब यह मुद्दा राजनीतिक रंग से ऊपर उठकर जनआंदोलन का रूप लेने की ओर बढ़ रहा है।वही यदि कृषि महाविद्यालय को राजिम या फिंगेश्वर क्षेत्र में ले जाया जाता है तो देवभोग मैनपुर क्षेत्र के लोगों को दूरी तो वही पड़ेगा जिसके चलते उस क्षेत्र के लोग सीधे रायपुर में ही रहना पसंद करेंगे।जिला मुख्यालय,जो वर्षों से प्रशासनिक,शैक्षणिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रहा है,अब धीरे-धीरे अपने ही महत्व को खोता नजर आ रहा है।हाल ही में कृषि महाविद्यालय को मुख्यालय से बाहर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी सामने आई है,जिसके बाद क्षेत्र में विरोध की लहर तेज हो गई है।

सिर्फ कृषि महाविद्यालय ही नहीं,बल्कि अन्य कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों को भी मुख्यालय से बाहर भेजे जाने की चर्चाओं ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इससे न सिर्फ शहर की पहचान कमजोर होगी,बल्कि रोजगार,व्यापार और सुविधाओं पर भी सीधा असर पड़ेगा।

**सत्ता और विपक्ष आमने-सामने नहीं,एक मंच पर:** इस मुद्दे की खास बात यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधि इस फैसले के खिलाफ एकजुट नजर आ रहे हैं।जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्यालय से संस्थानों को हटाना क्षेत्र के विकास के साथ अन्याय है।

एक जनप्रतिनिधि ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कियह फैसला समझ से परे है। मुख्यालय को मजबूत करने के बजाय उसे कमजोर किया जा रहा है,जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**जनता का फूटा गुस्सा:** आम नागरिकों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है।व्यापारियों,छात्रों और युवाओं का कहना है कि संस्थानों के बाहर जाने से उन्हें रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए दूर जाना पड़ेगा,जिससे समय और पैसा दोनों का नुकसान होगा। कई सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

**मुख्यालय को खाली करने की साजिश?-** स्थानीय लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को मुख्यालय को धीरे-धीरे खाली करने की साजिश करार दिया है।उनका आरोप है कि बिना जनभावना और जरूरतों को समझे ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं।

**आगे क्या?-** मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपने और विरोध प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। यदि प्रशासन ने जल्द कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया,तो आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़े आंदोलन में बदल सकता है।

**समापन लाइन:** जिला मुख्यालय की पहचान और अस्तित्व पर उठते सवाल अब सिर्फ चर्चा नहीं,बल्कि संघर्ष का रूप ले चुके हैं। आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

## अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेलिंग! फर्जी अधिकारी बनकर पंचायत सचिवों से ठगी का बड़ा खेल उजागर

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली की कोशिश,कई सचिव दहशत में




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले में इन दिनों साइबर ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका सामने आया है,जहां ठग खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पंचायत सचिवों को अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल कर रहे हैं।फोन कॉल और मैसेज के जरिए डर का माहौल बनाकर उनसे मोटी रकम की मांग की जा रही है,जिससे पंचायत सचिव अमले में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार,अज्ञात ठग पहले पंचायत सचिवों को फोन करते हैं और खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी या जांच एजेंसी का सदस्य बताते हैं। इसके बाद वे दावा करते हैं कि संबंधित सचिव का कोई अश्लील वीडियो लगातार देख रहा है उसे गुगल के माध्यम से निकाला गया है,उस केश को दबाने के एवज अच्छी खाशी रकम की मांग करता है,और रकम नहीं देने की स्थिति में सचिव के फोन को ट्रेस कर उसे गिरफ्तार करने की धमकी देता है।जिससे डर और बदनामी के भय का फायदा उठाकर ठग पैसे की मांग करते हैं। कई मामलों में व्हाट्सएप पर फर्जी वीडियो या स्क्रीनशॉट भेजकर भी दबाव बनाया जा रहा है।जिसके चलते कुछ सचिव रकम देने की सोच रहे है तो कुछ सचिव उक्त अज्ञात फोन को अनदेखा कर रहे है।

**सचिवों में डर का माहौल:-** इस तरह की घटनाओं से कई पंचायत सचिव मानसिक दबाव में हैं। कुछ मामलों में तो सचिवों ने बिना जांच किए ही पैसे ट्रांसफर कर दिए,ताकि उनकी छवि खराब न हो।

**प्रशासन सतर्क,** - मामले की गंभीरता को देखते हुए अब प्रशासन और साइबर सेल सक्रिय हो गई है।पुलिस विभाग के कोतवाली प्रभारी ओपी यादव ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि यह एक संगठित गिरोह हो सकता है,जो सरकारी कर्मचारियों को निशाना बना रहा है।इससे भयभीत न हो ये फर्जी होते है,साथ ही

किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें,डरकर पैसे ट्रांसफर न करें ऐसे कॉल का तुरंत साइबर पुलिस को सूचना दें व्यक्तिगत जानकारी और डेटा सुरक्षित रखें

यह घटना सिर्फ ठगी नहीं,बल्कि सरकारी कर्मचारियों की छवि और मानसिक स्थिति पर हमला है।जरूरत है सतर्क रहने की और ऐसे ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, ताकि इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।

## बस्तर जनता को समर्पित की गईं 15 अत्याधुनिक एम्बुलेंस



### महापौर श्री संजय पांडे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जगदलपुर/विश्व परिवार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनहितैषी पहल के अंतर्गत बस्तर की जनता को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ 15 नई एम्बुलेंस सौंपी गईं। इस महत्वपूर्ण सौगात के साथ अब जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुगम हो गई है, जिससे विशेष रूप से आकस्मिक दुर्घटनाओं और प्रसव के मामलों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुँचाना संभव हो सकेगा। बुधवार 01 अप्रैल को जगदलपुर स्थित महारानी अस्पताल के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर श्री संजय पांडे ने इन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले महापौर ने एम्बुलेंस में मौजूद आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों का निरीक्षण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इन वाहनों को बस्तर की जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये एम्बुलेंस इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री लक्ष्मण झा, श्री निर्मल पाणिग्राही और श्री संजय विश्वकर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी और डॉ. नीरज ओझा सहित महारानी अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इस बड़ी सौगात से बस्तर के चिकित्सा तंत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जो संकट के समय आम जनमानस के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

## जगदलपुर शहर में स्थापित होगी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा



**जगदलपुर:-** नगर पालिक निगम के वार्षिक बजट में भारतवर्ष के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा जगदलपुर शहर में स्थापित किए जाने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के उपलक्ष्य में आज गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर संजय पांडे का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गुजराती समाज के प्रतिनिधियों ने महापौर को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा की स्थापना से शहरवासियों, विशेषकर युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और राष्ट्रीय एकता का संदेश सशक्त रूप से प्रसारित होगा। नगर निगम कार्यालय में महापौर संजय पांडे सहित निगम के पार्षदों ने समाज के सदस्यों के साथ प्रस्तावित प्रतिमा स्थल को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में प्रतिमा के लिए उपयुक्त स्थान, सौंदर्यीकरण, पहुंच मार्ग तथा आसपास की सुविधाओं के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। चर्चा उपरांत गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन पर सकारात्मक सहमति बनी। महापौर संजय पांडे ने कहा कि इस प्रस्ताव को शीघ्र अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा नगर निगम के तकनीकी अमले के साथ जल्द ही विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना का कार्य शहर की गरिमा और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के सशक्त स्तंभ रहे हैं। उनकी प्रतिमा की स्थापना से जगदलपुर शहर को एक नई पहचान मिलेगी और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना और मजबूत होगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, पार्षद हरीश पारेख, गुजराती समाज के अध्यक्ष अनिल भाई पटेल, जयेश संघाणी, जयंत सोनी, नरेंद्र मोतीवाला, हरीश कोठारी, महेंद्र भानूशाली, विकास चौहान, विपिन जोबनपुत्रा, हितेश पटेल, उमेश भानूशाली, विकास चावड़ा, देवेश सोनी, धवल जोबनपुत्रा, अभीष्ट ठक्कर सहित समाज के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## हेरिटेज से हाई परफॉर्मेंस तक खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स से आदिवासी प्रतिभाओं को मिल रहा राष्ट्रीय मंच-केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे




**जगदलपुर/विश्व परिवार।** केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने मंगलवार की शाम धरमपुरा क्रीडा परिसर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में आयोजित प्रतियोगिता स्थल का दौरा किया। उन्होंने इस आयोजन को आदिवासी सशक्तिकरण, जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज और खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस प्रथम संस्करण में लगभग 3,800 प्रतिभागी जिसमें खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 9 खेल विधाएं शामिल हैं, जिनमें 7 पदक खेल और 2 प्रदर्शन खेल हैं, जबकि कुल 106 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबले हो रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभंकर 'मोरवीर' आदिवासी समाज के साहस, गर्व और वीरता का प्रतीक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री खडसे ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स एक सामाजिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य देश की खेल विरासत को पुनर्जीवित करना, आदिवासी युवाओं को अवसर देना और हर गांव से चैंपियन तैयार करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वर्ष 2036 ओलंपिक तक शीर्ष-10 खेल राष्ट्र बनने और 'विकसित भारत 2047' तक शीर्ष-5 में शामिल होने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। इस दिशा में खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स जैसी पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री खडसे ने बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में पहले से ही खेलों की मजबूत परंपरा मौजूद है, जिसे यह प्रतियोगिता एक संगठित मंच प्रदान कर रही है। महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने 'अस्मिता लीग' की सफलता का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत 124 लोगों में लगभग 14,000 बालिकाओं ने फुटबॉल और हॉकी जैसे खेलों में हिस्सा लिया है, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की भागीदारी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कोच सभी प्रतियोगिता स्थलों पर तैनात हैं, जो उभरती प्रतिभाओं की पहचान कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीधे खेलो इंडिया कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, जिससे जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मार्ग आसान होगा।

भारत की प्राचीन खेल परंपरा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय सदियों से तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेलों में अग्रणी रहा है और यह आयोजन उनकी इस समृद्ध विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का माध्यम भी है। जगदलपुर प्रवास के दौरान उनके साथ महापौर श्री संजय पांडेय, डीडीजी खेलो इंडिया श्री मयंक श्रीवास्तव, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध प्लाटिंग का काला खेल: कार्रवाई ढीली, भू-माफिया मालामाल

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गरियाबंद जिले में अवैध प्लाटिंग और कॉलोनियों का कारोबार बेलगाम हो चुका है। प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ नोटिसों तक सीमित है, जबकि जमीन पर भू-माफिया खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों का खेल कर रहे हैं। नतीजा—आम जनता ठगी का शिकार हो रही है और शासन को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि नगर पालिका क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध प्लाटिंग का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। कार्रवाई के नामत पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है, जिससे भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

जिला बनने के बाद से पिछले 10 से 15 वर्षों में बिना एनओसी के कॉलोनियां बसाने का सिलसिला लगातार जारी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों की अनदेखी कर कृषि भूमि को छोटे-छोटे प्लॉट में काटकर बेचा जा रहा है और धड़ल्ले से मकान निर्माण भी जारी है।

वार्ड नंबर 7 और 8, सिटी रेसिडेंसी के पीछे, छीन तालाब के सामने, रावणभाठा, पारागांव रोड और शासकीय कॉलेज के पीछे जैसे क्षेत्रों में यह खेल खुलेआम चल रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों—आमदी, पारागांव, डोगरीगांव, भिलाई, केशोडार, कोकड़ी और मजरकट्टा—में भी अवैध प्लाटिंग तेजी से फैल रही है।

**कार्रवाई या खानापूर्ति?-** प्रशासन द्वारा कभी-कभार नोटिस जारी कर कार्रवाई का दिखावा किया जाता है, लेकिन इसके बाद फाइलें ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। लाखों के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर मामूली जुर्माना लगाकर छोड़ देना पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो इस पर तत्काल रोक लगाई जा सकती है, लेकिन अधिकारियों की चुप्पी कई तरह के संदेह पैदा कर रही है।

**बिना अनुमति बस रहीं कॉलोनियां-** इन कॉलोनियों के लिए न नगर पालिका से अनुमति ली जा रही है और न ही ग्राम पंचायत से। बिना किसी प्लानिंग के बस रही ये कॉलोनियां भविष्य में बुनियादी सुविधाओं के संकट को जन्म दे सकती हैं।

**आम जनता के साथ धोखा-** अपनी मेहनत की कमाई से जमीन खरीदने वाले लोग सबसे ज्यादा नुकसान उठा रहे हैं। कॉलोनाइजर खरीदारों को भूमि से जुड़े जरूरी तथ्यों—जैसे डायवर्सन, अनुमति और वैधता—की पूरी जानकारी नहीं देते। बाद में कानूनी अड़चनों में फंसकर खरीदार खुद को ठगा हुआ महसूस करता है।

**नियमों की खुली अनदेखी-** नियमों के अनुसार कृषि भूमि पर सीधे प्लाटिंग करना प्रतिबंधित है। इसके लिए पहले भूमि का डायवर्सन और संबंधित विभागों से अनुमति लेना जरूरी है। इसके बावजूद खुलेआम नियमों को दरकिनार कर प्लॉट बेचे जा रहे हैं, जिससे शासन को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो अवैध कॉलोनियों का यह जाल आने वाले समय में बड़ी समस्या बन सकता है। शहर की योजना बिगड़ने के साथ-साथ नगर पालिका की आय पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा।

# संघर्ष पर खेल की जीत: सुदूर बस्तर का अबूझमाड़ रामकृष्ण मिशन आश्रम का फुटबॉल टैलेंट पाइपलाइन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में चमका

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दूरस्थ अबूझमाड़ क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से 1986 में स्थापित रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम आज चुपचाप फुटबॉल प्रतिभाओं की एक अनोखी नर्सरी बनकर उभरा है। यह आश्रम छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में स्थित है और राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 250 किलोमीटर दूर है।

इसका प्रभाव मौजूदा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (KITG) में साफ दिखाई दे रहा है, जहां पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों में एक दर्जन से अधिक खिलाड़ी आश्रम में प्रशिक्षण पाकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जहां महिला टीम फाइनल में पहुंच चुकी है, वहीं पुरुष टीम ने



भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ (CFA) के सहायक महासचिव और एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य मोहन लाल ने कहा, केआईटीजी 2026 में प्रतिस्पर्धा कर रही पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों में प्रत्येक में लगभग 12-13 खिलाड़ी इसी अकादमी से हैं।

कभी अलगाव और संघर्ष के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर क्षेत्र में स्थित आरके मिशन दशकों से बेहद दूरदराज के आदिवासी गांवों के बच्चों तक शिक्षा और अवसर पहुंचाने का काम कर रहा है। इनमें से कई गांव घने जंगलों के भीतर हैं, जहां औपचारिक शिक्षा तक पहुंच बहुत सीमित या लगभग नहीं के बराबर है।

आश्रम इन बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है, साथ ही संगीत और खेलों में उनकी रुचि को भी विकसित करता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल आश्रम के विकास कार्यक्रम का एक अहम स्तंभ बन चुका है।

बच्चों को कम उम्र में ही विभिन्न खेलों से परिचित कराया जाता है और शिक्षा के साथ-साथ उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए खेलों में करियर बना सकें। हर साल संस्थान के लगभग 50 से 60 छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलता है, जो इस आवासीय परिसर से लगातार उभर रही प्रतिभाओं को दर्शाता है।

मोहन लाल के अनुसार, आश्रम ने अपने छात्रों को समर्थन देने के लिए मजबूत खेल ढांचा विकसित किया है। परिसर में तीन फुटबॉल मैदान हैं, जिनमें एक एस्ट्रो-टर्फ सुविधा भी शामिल है, साथ ही बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो और मल्लखंभ के लिए इनडोर एरेना भी मौजूद हैं। मोहन लाल का मानना है कि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले कई बच्चों के जीवन में खेल ने परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। आज यह आश्रम विभिन्न आयु वर्गों के 2,700 से अधिक बच्चों का घर है, जहां उन्हें न केवल शिक्षा मिलती है, बल्कि डॉक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी या शिक्षाविद बनने के सपने देखने का अवसर भी मिलता है।

मोहनलाल ने कहा, कई मायनों में यह देश के सर्वश्रेष्ठ आवासीय स्कूलों में से एक है, जो शिक्षा और खेल के माध्यम से जीवन संवारने में आश्रम की अनूठी भूमिका को दर्शाता है।

# मजदूर विरोधी श्रम संहिता वापस ले सरकार, पूरे प्रदेश में श्रमिक संगठनों ने मनाया काला दिवस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर में इस प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए ए आई आई ई ए के अध्यक्ष और ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने कहा कि ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम-विरोधी, नियोक्ता समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही हैं, जिन्हें तथाकथित श्रम सुधार और "Ease of Doing Business" के नाम पर लाया गया है। 12 फरवरी की ऐतिहासिक आम हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है। इसके अलावा, इन संहिताओं के मसौदा तैयार करने के चरण से ही ट्रेड यूनियनों जैसे हितधारकों से कोई परामर्श नहीं किया गया। इतने गंभीर मुद्दे पर, जो देश के कार्यबल के जीवन से जुड़ा है, लंबे समय से भारतीय श्रम सम्मेलन भी नहीं बुलाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों का उल्लंघन है, जिनके प्रति भारत एक राष्ट्र के रूप में प्रतिबद्ध है। ये श्रम संहिताएँ देश के श्रमिकों जो संपत्ति के वास्तविक सृजनकर्ता हैं-को फिर से ब्रिटिश औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकेलने का प्रयास हैं। श्रमिक वर्ग ने औपनिवेशिक काल में अत्यधिक शोषण के खिलाफ और स्वतंत्र भारत में भी 8 घंटे के कार्यदिवस, कार्यस्थल सुरक्षा, यूनियन बनाने और संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी, आंदोलन करने और हड़ताल के अधिकार के लिए संघर्ष किया है।

# सम्पतिकरदाताओं ने 7 करोड़ 85 लाख 44450 रूपये का राजस्व अदा किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज 31 मार्च 2026 को रायपुर नगर पालिक निगम के सभी जोनों के राजस्व विभागों में सम्पतिकर अदा करने नगरवासी सम्पतिकरदाता नागरिक उमड़ पड़े. सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग कार्यालयों में आज महावीर जयन्ती के शासकीय अवकाश दिवस पर सम्पतिकरदाता नागरिक स्वयं आकर आज 31 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक अपना देय सम्पतिकर सहजता और सरलता के साथ अदा करते रहे.

आज 31 मार्च को सुबह 10 बजे से संध्या 9 बजे तक नगर निगम राजस्व विभाग को 7777 सम्पतिकरदाता नागरिकों ने 7 करोड़ 85 लाख 44450 रूपये सम्पतिकर अदा कर दिया.

नगर निगम जोन 2 राजस्व विभाग की टीम कुल वसूली से 3



करोड़ रूपये आगे रही और इसको लेकर जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय और जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा सहित जोन 2 राजस्व विभाग के समस्त राजस्व कर्मचारियों ने नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर मिली इस सफल राजस्व वसूली को लेकर अत्यंत प्रसन्न हुए.

इसी प्रकार नगर निगम जोन 5 राजस्व विभाग की टीम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के नेतृत्व और जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री प्रमोद जाधव के मार्गदर्शन में कुल वसूली से पौने तीन करोड़ रूपये आगे रही. इस पर नगर निगम जोन 5 राजस्व विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी अत्यंत प्रसन्न हुए.आज दिनांक 31 मार्च 2026 को जोन 2,4,10 राजस्व विभाग की टीमों ने जोन कमिश्नरों की अगुवाई में एक - एक करोड़ रूपये से अधिक की राजस्व वसूली रायपुर नगर निगम के लिए की.

यहां यह उल्लेखनीय है कि आज 31 मार्च 2026 को नगर निगम के सभी जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा वार्डो में नगर निगम राजस्व विभाग को बकाया राशि अदा नहीं करने वाले दुकानदारों के सम्बंधित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को तत्काल सीलबंद करने की नियमानुसार कड़ी कार्रवाई और घरों में बकाया राजस्व अदा नहीं करने पर सम्बंधित रहवासी नागरिकों के नल विच्छेद की कड़ी कार्रवाई सभी जोनों में राजस्व विभाग द्वारा आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नरों की अगुवाई और अभियंताओं, जोन सहायक राजस्व अधिकारियों सहित राजस्व कर्मचारियों द्वारा सुबह से रात्रि तक लगातार जारी रही.

# झारखंड के शिव कुमार और पृथ्वी उरांव सबसे तेज धावक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** झारखंड के शिव कुमार सोरेन और पृथ्वी उरांव ने मंगलवार को जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में आयोजित किए जा रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, मेजबान छत्तीसगढ़ के सिद्धार्थ नागेश ने शॉट पुट में स्वर्ण और डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीता, जबकि तिलक बारसेट ने पुरुष 100 मीटर में रजत पदक अपने नाम किया।

शिव कुमार और पृथ्वी ने अपनी-अपनी 100 मीटर दौड़ की शुरुआत से अंत तक बढ़त बनाए रखते हुए अपने राज्य के लिए स्वर्ण पदक जीते। शिव कुमार ने 10.58 सेकंड का समय लिया, जबकि बारसेट ने 10.87 सेकंड के साथ रजत पदक



हासिल किया। ओडिशा के अतिश किंडो (10.91 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता।

महिला 100 मीटर फाइनल में 16 वर्षीय पृथ्वी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 12.73 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। नागालैंड की रुडुओल्हौनुओ बेल्हो (12.90 सेकंड) और झारखंड की पुतुल बक्शी (13.03 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

पृथ्वी ने दौड़ के बाद कहा, 'मैं पदक जीतने को लेकर आश्वस्त थी क्योंकि मैंने चयन ट्रायल्स में अच्छा प्रदर्शन किया था।

आज मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान दिया और खुशी है कि मैंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय बनाया। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए सिद्धार्थ नागेश ने दिन की शुरुआत पुरुष डिस्कस थ्रो में 35.56 मीटर के साथ रजत पदक जीतकर की। गुजरात के दानिश मकवाना (44.83 मीटर) ने स्वर्ण, जबकि ओडिशा के चंद्राय मुर्मू (33.97 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

शाम के सत्र में सिद्धार्थ ने एक कदम आगे बढ़ते हुए 13.52 मीटर के थ्रो के साथ शॉट पुट में स्वर्ण पदक हासिल किया। दानिश मकवाना (13.04 मीटर) को रजत मिला। मेजबान छत्तीसगढ़ ने महिला फुटबॉल के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उसका सामना झारखंड से होगा जिसने गुजरात को 9-0 हराया। छत्तीसगढ़ अब पदक तालिका में 2 स्वर्ण, 7 रजत और 4 कांस्य के साथ 10वें स्थान पर है।

# कल्याण मित्रता की मिसाल-महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने मानव सेवा, जीव दया, सामाजिक उत्थान, पर्यावरण के क्षेत्र में किया उल्लेखनीय कार्य

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जीवन में मित्र सभी के होते हैं लेकिन महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा की जोड़ी ने पिछले 15 वर्षों की दोस्ती में मानव सेवा , मूक पशु पक्षियों की सेवा , दिव्यांग भाई बहनों की मदद , कटे फ़टे होंठ के बच्चों की सर्ज़री , वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण , बुजुर्गों की परवाह , सामाजिक कुरीतियों में बदलाव जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर मित्रता को नया आयाम दिया है ।

मानव सेवा माधव सेवा को आत्मसात करते हुए , पिछले 15 वर्षों में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग , पोलियोग्रस्त बच्चों को कैलिपर्स , वैसाखी , ट्रायसिकल , व्हीलचेयर इत्यादि वितरण कर 50000 भाई बहनों को लाभान्वित किया गया है ।

हम सभी जीवनभर सुनते बोलते हैं लेकिन वृद्धावस्था में सुनाई कम देने



लगता है और घर से सदस्य इस बात को नजरअंदाज करते हैं तब बुजुर्गों की समस्या आरम्भ होती है । महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इसको महत्वपूर्ण समस्या मानते हुए 10000 से ज़्यादा कान की मशीन का अबतक वितरण किया है। श्रवण यन्त्र वितरण में किसी औपचारिकता की जगह नही रखी न आधार कार्ड मांगा व ओड़ियोमेट्री जांच रिपोर्ट ली , न आय प्रमाण पत्र न राशन कार्ड कुछ भी नही मांगा केवल बुजुर्ग ने कॉल किया हमने उसे आने का स्थान व समय बताया और श्रवण यन्त्र दे दिया। बच्चों के कटे फ़टे होंठ चेहरे की सुंदरता बिगाड़ देते हैं साथ ही खाने बोलने आदि में समस्या होती हैं। तालु में छिद्र से परेशानी होती है। ऐसे हजारों बच्चों का पिछले 20 वर्षों में डॉ सुनील कालड़ा के नर्सिंग होम में ऑपरेशन करवाया है। ऑपरेशन के बाद बच्चों के विकृत चेहरे तो सुंदर होते ही है साथ ही जो हीन भावना घर कर जाती है उसे भी दूर किया जाता है।

तपती धूप में बच्चों के पैरों में न पड़े छाले इस बात को ध्यान में रखते हुए विगत कई वर्षों से मार्च माह में स्कूली छात्रों को जूतों का वितरण किया गया है। प्राथमिक विद्यालय में जाकर सैकड़ों छात्र छात्राओं को उनके नाप अनुसार जूते प्रदान किए ताकि तपती गर्मी में राहत मिल सके।

# बस्तर के युवा अब देश के विकास में होंगे सहभागी: राहुल टिकरिहा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी पूरी सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश अब नक्सल मुक्त हो गया है इसके लिए हमारे सैकड़ों जवानों ने अपनी शहादत दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के दृढ़ ईच्छाशक्ति एवं संकल्प एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लगातार प्रयासों से यह संभव हो पाया है।




भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक टाईमलाइन के तहत एक लक्ष्य निर्धारित कर नक्सलवाद का समूल नाश किया है। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने से अब बस्तर के युवा खुलकर बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को प्रचारित करेंगे। बस्तर के युवा यूपीएससी जैसे परीक्षा में सफल होकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा रहे है। नक्सलवाद बस्तर समेत पूरे देश के लिए एक नासूर था जिसके खात्मे से अब बस्तर जल्द ही विकसित बस्तर बनेगा और छत्तीसगढ़ विकसित भारत के संकल्पना को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य यह केवल संकल्प नहीं, बल्कि केंद्र सरकार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुरक्षा बलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बनने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# उद्योग भवन सर्विस रोड और पुरैना मुख्य मार्ग को करवाया गया अतिक्रमणमुक्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और यातायात एसपी श्री अजय कुमार के निर्देशानुसार एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला, नगर निगम अपर आयुक्त नगर निवेश श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री आशुतोष सिंह, नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर श्री मोनेश्वर शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री आशीष शुक्ला , सहायक अभियंता श्री योगेश यदु, श्री सुशील अहीर, उपअभियंता श्री मनोज साहू, श्री राहुल थारानी सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, नगर निगम जोन क्रमांक 10 नगर निवेश विभाग की टीम और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के सम्बंधित क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा राजधानी शहर नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 10 क्षेत्र अंतर्गत उद्योग भवन सर्विस रोड और पुरैना मुख्य मार्ग में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत सर्विस रोड और प्रमुख मार्ग के क्षेत्र में राजधानी शहर के प्रमुख मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी दुकानदारों को एक बार पुनः स्पष्ट हिदायत दी गयी।

# जहां कभी नक्सलवाद का था बोलबाला, वहां अब खेलो का हो रहा उदय, खेल उस क्षेत्र में नई उम्मीद लेकर आया, जिसकी पहचान कभी संघर्ष से होती थी : खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे

**रायपुर (विश्व परिवार)।** युवा मामले और खेल राय मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के दौरान बुधवार को रायपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यहां के माहौल को ऊर्जा, आशा और बदलाव से भरपूर बताया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि एथलीटों, स्थानीय समुदाय और इस क्षेत्र के लोगों की ओर से मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। देशभर के सभी रायों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,500 से यादा एथलीट अलग-अलग खेलों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीमती खडसे ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026, केंद्र सरकार की उस



प्रतिबद्धता को दिखाता है जिसके तहत आदिवासी युवाओं को अपना भविष्य बनाने के लिए एक मंच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह खेल एक नई उम्मीद हैं और यह संकेत कि उनकी काबिलियत को पहचाना जा रहा है और उस पर सबसे ऊंचे स्तर



पर निवेश किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल राय मंत्री ने कहा, एक समय था जब छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के लिए जाना जाता था, और यहां के लोगों को एक पिछड़ा समुदाय माना जाता था। आज, मुझे लगता है कि इस क्षेत्र के लिए एक नई दिशा खुल रही है। नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है और खेल के माध्यम से, इस धरती के युवा अब अपनी ऊर्जा और क्षमता को सामने ला सकते हैं और देश के लिए खेल सकते हैं।

खेल राय मंत्री ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 को एक ऐतिहासिक पहल बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, गृह मंत्री अमित शाह (जिन्होंने पूरे देश से नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा की है), कैबिनेट मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और पूरी साई टीम को दिया। उन्होंने पूरा भरोसा जताया कि इन खेलों में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट आगे चलकर ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और पदक जीतेंगे ।युवा मामले और खेल राय मंत्री, श्रीमती रक्षा खडसे ने अस्मिता लीग के परिवर्तनकारी प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इस लीग को 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के उस विज़न के तहत शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत की महिलाओं को प्रतिस्पर्धी खेलों में लाना और उन्हें एक पहचान व अवसर प्रदान करना है।

# विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से सड़क निर्माण के लिए मिली,14 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

**पंडरिया (विश्व परिवार)।** विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के गाँव-गाँव समृद्धि और विकास की किरण पहुँच रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है वहीं हर गाँव को जोड़ती पक्की सड़कें पंडरिया विधानसभा के विकास को नई गति दे रही हैं। इसी कड़ी में बजट 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा में 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण व मजबूतीकरण हेतु 14 करोड़ 14 लाख 35 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है जो पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के विकास को नई गति देगा। इन सड़कों में प्रधानमंत्री सड़क से जुड़ते हुए ग्राम डेंगुरु जाम से अमनिया मार्ग 3.20 किमी सड़क हेतु 5 करोड़ 79



लाख 19 हजार, भरतपुर-घोघरा मार्ग 3.50 किमी हेतु 6 करोड़ 12 लाख 10 हजार एवं ग्राम महली से नानापुरी तक 3 किमी सड़क मजबूतीकरण हेतु 2 करोड़ 23 लाख 6 हजार की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और गांव-गांव तक विकास की किरण पहुंचेगी। इन सड़कों के निर्माण से ग्राम डेंगुरु जाम, टेडापानी, अमनिया, भगतपुर, घोघरा, महली और नानापुरी सहित आस-पास के ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा।

इन सड़क निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक भावना बोहरा ने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी,उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम तक सुरक्षित, सुदृढ़ और सर्व मौसम सड़क संपर्क सुनिश्चित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए। बारहमासी सड़क संपर्क से इन बसावटों को बाज़ार, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पोषण, आपदा प्रबंधन और दैनिक आवागमन में व्यापक सुविधा मिलेगी।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 02 अप्रैल 2026



### एक मई से जनगणना शुरू करने प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश में जनगणना का काम एक मई से शुरू होगा। इसके लिए राज्य में मकान सूचीकरण तथा प्रशिक्षण का काम शुरू हो गया है। संचालक जनगणना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में जनगणना का काम एक मई से शुरू होगा। इस नई जनगणना में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देंगे, 11 बिंदुओं पर जानकारी मांगी जाएगी। इसके लिए शिक्षकों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि यह काम सुगमतापूर्वक दिचा। राज्य में जनगणना का कार्य करने के लिए संचालक के रूप में कार्तिकेय गोयल को नियुक्त किया गया है।

## महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर पंचकल्याणक सहयोगी समाज जनों का सम्मान समारोह संपन्न





**राजिम ( विश्व परिवार )।** श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर दिगंबर जैन समाज, नयापारा राजिम द्वारा एक भव्य सम्मान-बहुमान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नसिया जी क्षेत्र, रायपुर रोड में आयोजित हुआ, जिसमें समाज के पदाधिकारियों और पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव से जुड़े प्रभारीगणों का सम्मान किया गया।

गौरतलब है कि लगभग दो माह पूर्व नयापारा राजिम में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से संपन्न हुआ था, जिसमें समाज के लोगों ने एकजुट होकर योगदान दिया था । आयोजन में विभिन्न व्यवस्थाओं को संभालने वाले समाज जनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी को मंच पर आमंत्रित कर तिलक माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक आयोग के पैनल सलाहकार सदस्य, छत्तीसगढ सकल दिगंबर जैन समाज के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रकाश मोदी एवं दैनिक विश्व परिवार रायपुर के संपादक प्रेस काउंसिल के पूर्व सदस्य प्रदीप जैन सहित अन्य समाजसेवी शामिल रहे।श्री प्रकाश मोदी ने राजिम जैन समाज की धर्म निष्ठा एवं समर्पण के साथ भव्य मंदिर निर्माण की प्रशंसा की। श्री प्रदीप जैन ने कहा आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के सानिध्य में राजिम पंचकल्याणक में सामाजिक एकता का जो उदाहरण प्रस्तुत किया हैं वह समस्त छत्तीसगढ़ ही नही पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। जैन समाज के अध्यक्ष श्री अखिलेश जैन,पंचकल्याणक समारोह समिति के अध्यक्ष श्री मनोज जैन, समाज के कोषाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव श्री आशीष चौधरी सहित समाज के वरिष्ठजनों में श्वेताम्बर श्री संघ के अध्यक्ष श्री शेखर बाफना, श्री किशोर जैन, श्री रमेश पहाड़िया वरिष्ठ पत्रकार, श्री रमेश चौधरी वरिष्ठ पत्रकार, श्री संतोष पारख, श्री अभय जैन, श्री नीरज गंगवाल, श्री अंकित चौधरी श्री आरनव भाटापारा आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भोपाल के हर्षित जैन द्वारा भक्ति संगीत का आकर्षक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजन का उद्देश्य समाज के सक्रिय सदस्यों का सम्मान करने के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नदिता अनिल जैन, श्रीमती अनुजा अखिलेश जैन, श्रीमती सुप्रिया आशीष जैन व श्रीमती आशी अतुल जैन ने किया।

## श्री वेंकटेश हॉस्पिटल रायपुर में आईएलडी क्लिनिक और लंग ट्रांसप्लांट विभाग की ओपीडी का शुभारंभ




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए, कमल विहार स्थित श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (SVH) ने स्लरू हेल्थकेयर, चेन्नई के सहयोग से राज्य के पहले समर्पित ILD क्लिनिक, लंग ट्रांसप्लांट विभाग की OPD एवं एडवांस ढ्ढष्ट व क्रिटिकल केयर यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया।

यह पहल राज्य में एडवांस पल्मोनरी केयर और ट्रांसप्लांट सेवाओं की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अब छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों को फेफड़ों की जटिल बीमारियों एवं लंग फेल्योर के परामर्श और उपचार के लिए महानगरों की दौड़ नहीं लगानी होगी। इससे न केवल मरीजों का समय और खर्च बचेगा, बल्कि मानसिक तनाव में भी कमी आएगी।

**प्रमुख विशेषताएं और उपलब्धियां:** क्षेत्रीय मील का पत्थर- रायपुर अब लंग ट्रांसप्लांट के परामर्श और उन्नत सेवाओं के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। श्री वेंकटेश हॉस्पिटल पहले ही 1500 से अधिक सफल हृदय सर्जरी कर चुका है, जिसमें 90त्न सर्जरी अत्याधुनिक MICS (मिनिमली इनवेसिव तकनीक) से की गई हैं। उद्घाटन समारोह में स्लरूचेन्नई के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. सौमित्र सिन्हा रॉय (डायरेक्टर ड्ड हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट) और डॉ. मुरली कृष्णा उपस्थित रहे।

## सीएसपीटीसीएल कर्मचारियों को बड़ा तोहफा:
## एसबीआई के साथ समझौते से 1.60 करोड़ तक बीमा और प्रीमियम की सुविधाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी (CSPTCL) ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज (CSP) के तहत एक महत्वपूर्ण समझौता किया है।

इस पहल से कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उन्नत बैंकिंग सुविधाओं के साथ व्यापक बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। यह अनुबंध ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएस चौहान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को एक करोड़ रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट बीमा, एक करोड़ 60 लाख रुपए तक का एयर एक्सीडेंट बीमा, एक करोड़ तक का स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर तथा 80 लाख रुपए तक का आंशिक विकलांगता कवर मिलेगा। इसके अतिरिक्त एसबीआई के रूपे डेबिट कार्ड के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर तथा श्रेणी के अनुसार 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का एयर एक्सीडेंट बीमा भी उपलब्ध होगा।

उन्होंने बताया कि बैंकिंग सुविधाओं में कर्मचारियों को न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता से छूट, नि:शुल्क इंटरनेट बैंकिंग, एसबीआई एटीएम पर अनलिमिटेड ट्रांजैक्शन, आरटीजीएस एवं एनईएफटी शुल्क में रियायत तथा लॉकर किराए में छूट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, विभिन्न श्रेणियों के अनुसार कर्मचारियों को अमेजन प्राइम सदस्यता, यात्रा एवं मनोरंजन से जुड़े ऑफर, एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस तथा चयनित श्रेणियों में जिम, स्पा एवं अन्य लाइफस्टाइल सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

### लोक-आस्था, परंपरा और विकास का संगम बना कुँवरगढ़ महोत्सव
## जहां संस्कृति का सम्मान होता है, वहीं से विकास की नई शुरुआत होती है: सीएम विष्णुदेव साय





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास के संगम का सशक्त प्रतीक 'कुँवरगढ़ महोत्सव' का आज धरसींवा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने 136 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। उन्होंने ग्राम कूंरा का नाम उसके ऐतिहासिक गौरव के अनुरूप 'कुँवरगढ़' करने की महत्वपूर्ण घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि कुँवरगढ़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक-आस्था, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और उसे नई पहचान देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और बस्तर, सरगुजा, कोरिया तथा सिरपुर महोत्सव की श्रृंखला में अब कुँवरगढ़ महोत्सव भी एक विशिष्ट पहचान बनाएगा। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित तहसील कार्यालय का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में त्वरित और बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने क्षेत्र के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से गौरवपथ निर्माण, रानीसागर तालाब के सौंदर्यीकरण, पुलिस चौकी की स्थापना, खारून नदी में एनीकट निर्माण, खेल मैदान के उन्नयन तथा रायपुर के टेकारी-नयापारा से बड़े नाला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा की।

### कूंरा अब कुँवरगढ़ के रूप में पुनर्स्थापित किया जा रहा

उल्लेखनीय है कि धरसींवा क्षेत्र का प्राचीन ग्राम कूंरा, जिसे अब 'कुँवरगढ़' के रूप में पुनर्स्थापित किया जा रहा है, अपने भीतर गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। यह क्षेत्र आदिवासी शासक राजा कुँवर सिंह गोंड के साम्राज्य का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, जिनकी वीरता और विरासत आज भी यहां के जनजीवन में जीवंत है। उत्तर में माता कंकालिन, दक्षिण में माता चंडी, पश्चिम में माता महामाया और पूर्व में भगवान चतुर्भुजी की उपस्थिति इस क्षेत्र को धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है।

## सांतरागाछी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यात्रियों की सुविधा के लिए समर सीजन में लोकमान्य तिलक टर्मिनस - सांतरागाछी - लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन (01001/01002) चलाई जा रही है। यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए 21 अप्रैल से 16 जुलाई 2026 तक संचालित की जा रही हैं। गाड़ी संख्या 01001 लोकमान्य तिलक टर्मिनस संतरागाछी समर स्पेशल दिनांक 21 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक 13 फेरों के लिए प्रत्येक मंगलवार को 20:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलकर नासिक भुसावल के रास्ते होते हुए 10:15 बजे नागपुर, 1153 बजे गोंदिया, 14:10 बजे दुर्ग, 1450 बजे रायपुर, 1635 बजे बिलासपुर झारसुगुड़ा राउरकेला चक्रधरपुर टाटानगर खड़कपुर होते हुए गुरुवार को सुबह 05:00 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01002 सांतरागाछी - लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 अप्रैल से 16 जुलाई 2026 तक 13 फेरों के लिए प्रत्येक गुरुवार दोपहर 15:50 बजे सांतरागाछी से प्रस्थान कर खड़कपुर टाटानगर चक्रधरपुर राउरकेला झारसुगुड़ा होते हुए 3:50 बजे बिलासपुर, 05:35 बजे रायपुर, 6:30 बजे दुर्ग, 08:33 बजे गोंदिया 10:50 बजे नागपुर होते हुए भुसावल, नासिक, कल्याण के रास्ते शुक्रवार को 23.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) पहुंचेगी। ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर और खड़गपुर।

## पारसनाथ बने किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**आरंग ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय किसान नेता और समाजसेवी पारसनाथ साहू को किसान मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश की संस्था द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया यह संस्था किसान मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित है। जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का ने उनकी सक्रियता और कार्य प्रणाली को देखते हुए नियुक्ति पत्र भेजकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किये है। ज्ञात हो कि पारसनाथ साहू काफी लंबे समय से मजदूरों और किसानों की समस्याओं, अनाज का उचित लाभकारी समर्थन मूल्य पर खरीदी की कानूनी गारंटी दिलाने, प्रदेश मे धान खरीदी में होने वाली अव्यवस्थाओं और समस्याओं सहित सिंचाई,बिजली,पानी, खाद बीज इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने लगातार प्रयासरत हैं। वहीं पारसनाथ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर क्षेत्र व प्रदेश के किसानों में हर्ष की लहर है। उन्होंने कहा है अब किसानों और मजदूरों की मांग व समस्यायों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से रखते हुए उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। वहीं उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर अंचल के किसान नेता गोविन्द चन्द्राकर, श्रवण चन्द्राकर, झनकराम आवडे, घनाराम साहू, तेजराम विद्रोही, लक्ष्मी पटेल, दीपक चौहान,लल्लू सिंह,जुगनू चन्द्राकर, दूजेराम धीवर, योगेश, ईश्वरी साहू सहित सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

### रायपुर पश्चिम में शिक्षा और विकास की नई इबारत
## 1.60 करोड़ से संवरेगा आर.डी. तिवारी स्कूल, विधायक राजेश मूणत ने दिए सख्त निर्देश



**रायपुर( विश्व परिवार )।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को नई दिशा देते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत ने शिक्षा और बुनियादी ढांचे को लेकर कड़े तेवर दिखाए हैं। क्षेत्र के ऐतिहासिक आर.डी. तिवारी स्कूल के कायाकल्प के लिए विधायक श्री मूणत ने आज नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ स्कूल परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री राजेश मूणत ने स्पष्ट किया कि आर.डी. तिवारी स्कूल मे नवीन कक्ष निर्माण के लिए कुल ?1.60 करोड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसमें राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा लगभग ?1 करोड़ की लागत से नवीन कक्षों का निर्माण और ?60 लाख की लागत से पुराने भवन की मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं अन्य आवश्यक शिक्षा हितैषी कार्य शामिल हैं।

### एक ही दिन में कई सौगातें

स्कूल निरीक्षण के साथ-साथ श्री मूणत ने ठक्कर बापा वार्ड में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार 2000 किलोलीटर क्षमता 25 मीटर स्टेजिंग निर्माणकार्य का भी निरीक्षण किया ।उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी गणों को निर्देशित किया कि इसका एक वर्क प्लान बनाया जाय और सतत् निरीक्षण कर समय सीमा मे कार्य पूर्ण कराया जाय । आज ही विधायक ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आजाद वार्ड में भी क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने वार्ड में ?48 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि रायपुर पश्चिम का विकास उनकी प्राथमिकता है और हर वार्ड में जन-सुविधाओं का विस्तार करना उनका मुख्य लक्ष्य है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 व्यक्तित्वों को जैन रत्न आलंकरण से किया सम्मानित

- सेवा कार्य करने वाले पांच संगठनों को मिला विशिष्ठ सम्मान







**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की ओर से 2625वीं महावीर जयंती के पावन अवसर पर दादाबाड़ी में समाज के रत्नों को सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 समाजजनों और पांच संगठनों को उल्लेखनीय सेवाकार्य के लिए का सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच से जैन रत्न अलंकरण और विशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया।

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में स्टार जैन और नेमचंद खुशालचंद बटाविया, शिक्षा के क्षेत्र में अर्चना जैन, नमन गोलछा, दिशा जैन, वकालत के क्षेत्र में सुगंधा जैन, दानशीलता के लिए सुरेश बाघमार जैन, समाजसेवा के क्षेत्र में अजय मधुकर काले, जैन समाज की पहली महिला पायलेट, उद्यमिता के क्षेत्र में ऋतु एस चौरड़िया, न्यायलीन सेवा के क्षेत्र में करूणा सिंगी को सम्मानित किया गया।

भगवान महावीर जयंती के मुख्य कार्यक्रम में पांच संगठनों को विशिष्ठ सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें विहार सेवा ग्रुप को साधु-साध्वी वैयावच्च के लिए, भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट को समाज सेवा चिकित्सा सेवा के लिए, जैन प्रयास ग्रुप को निशुल्क दवा वितरण के लिए, श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर को धर्म सेवा प्रभावना के लिए और मनुबाई आसकरण चोपड़ा चौरिटेबल ट्रस्ट को निशुल्क भोजन वितरण के लिए सम्मानित किया गया। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत के मार्गदर्शन में यह पावन पर्व मनाया गया।

महोत्सव में भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास किया गया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जैन ने जानकारी दी कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर चलती रही। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न विशेष आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़े।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
CMA DATA
BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन
फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354